www.anokhateer.com

anokhateer@gmail.com

पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

दैनिक

# अनोखा तीर

हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित

निशाने पर हर खबर

20 जनवरी 2026

हरदा, मंगलवार

वर्ष-15, अंक - 227, पृष्ठ-8

मूल्य- 2 रुपए

माघ शुक्ल पक्ष - 2

विक्रम संवत् 2082

## 'यहां केवल मुस्लिम गाड़ी पार्क करेंगे'

### भोपाल में मदरसे के बाहर पार्किंग विवाद में आरोपियों ने युवती के उखाड़े बाल

**अनोखा तीर, भोपाल ।** राजधानी के पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित कल्पना नगर में 16 जनवरी की रात हुई मारपीट ने अब सांप्रदायिक मोड़ ले लिया है। एक हिंदू युवती और उसके भाइयों के साथ हुई बर्बरता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में तनाव व्याप्त है। हिंदू संगठनों का आरोप है कि यह हमला केवल पार्किंग विवाद नहीं, बल्कि धार्मिक विद्वेष के चलते किया गया है।



**'काफिर' कहकर डराने और अवैध वसूली का आरोप–** पीड़ित युवती उस क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही है। सोशल मीडिया पर किए जा रहे दावों और हिंदू संगठनों के अनुसार, जब युवती के भाई ने मदरसे के पास वाहन खड़ा करने की कोशिश की तो वहां मौजूद कुछ युवकों ने उसे 'काफिर' कहकर संबोधित किया। आरोपियों ने कहा कि यहां केवल मुस्लिमों को वाहन खड़ा करने की अनुमति है और दूसरों को इसके लिए 1000 रुपये देने होंगे। जब छात्र ने पैसे देने से मना किया, तो उस पर जानलेवा हमला कर दिया गया।

**युवती के उखाड़े बाल, भाई के सिर में गंभीर चोट–** वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि भीड़ ने दोनों भाइयों को बेल्ट और डंडों से सरेराह पीटा। बीच–बचाव करने आई युवती के साथ भी अभद्रता की गई और उसके बाल इतनी बेरहमी से खींचे गए कि वे जड़ से उखड़ गए। युवती के भाई के सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

#### पुलिस ने दर्ज किया केस

पिपलानी पुलिस ने अड़ीबाजी, बलवा और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी का कहना है कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे दावों और 'काफिर' जैसे शब्दों के इस्तेमाल की भी बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपियों की पहचान कर रही है।

## युवाओं को सक्षम बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता : सीएम

- प्रदेश में निवेश, उद्योग और रोजगार के लिए सभी प्रकार की अनुकूलताएं हैं उपलब्ध
- पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने प्रत्येक वैश्विक मंच पर स्थापित की अपनी साख

**मुख्यमंत्री को दिल्ली में मध्यांचल उत्सव के आयोजकों द्वारा पुस्तिका भेंट की गई**

**अनोखा तीर, भोपाल ।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद की यह भविष्यवाणी कि 21वीं सदी भारत की होगी, आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साकार होती दिखाई दे रही है। प्रत्येक वैश्विक मंच पर भारत ने अपनी साख स्थापित की है और प्रधानमंत्री श्री मोदी विश्व के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शामिल हैं। भारत आज विश्व का नेतृत्व करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जो विश्व का सबसे युवा लोकतांत्रिक देश है और प्रधानमंत्री श्री मोदी प्रभावी रूप से इस युवा लोकतंत्र का नेतृत्व कर रहे हैं।




मध्यप्रदेश के कोने-कोने से आए युवा संगठित होकर दिल्ली में अध्ययन कर रहे हैं, यह प्रदेश के लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि इतने बड़ी संख्या में प्रदेश के युवाओं से हुई भेंट ने उनकी दिल्ली यात्रा को सार्थक बना दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के शंकरलाल सभागार में मध्यप्रदेश के अध्ययनरत छात्रों के संगठन मध्यांचल स्टूडेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित मध्यांचल उत्सव-2026 को संबोधित कर रहे थे। मध्यांचल उत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश के सबसे कम बेरोजगारी वाले राज्यों में शामिल है और राज्य सरकार हर कदम पर युवाओं के साथ है। युवाओं को सक्षम बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में निवेश, उद्योग और रोजगार के लिए सभी प्रकार की अनुकूलताएं उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा हमारा लक्ष्य है कि मध्यप्रदेश का युवा जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बनें। युवा, कृषि-टेक्नोलॉजी एवं चिकित्सा जैसे सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ें, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित विश्व स्तर पर हो रहे सभी नवाचारों में दक्ष हो और देश और प्रदेश को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें, यही हमारा लक्ष्य है।

## प्रदेश में अगले 2 दिन तेज ठंड से राहत

- 22-23 जनवरी के बाद बूंदा-बांदी के आसार; प्रदेश के पास से गुजर रहे दो चक्रवात, बादल छाए



**अनोखा तीर, भोपाल ।**

मध्य प्रदेश के पास से दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) गुजर रहे हैं। इस वजह से प्रदेश के पूर्वी हिस्से के जिलों में बादल छा रहे हैं। रविवार को भोपाल, नर्मदापुरम समेत कई जिलों में बादल रहे।

मौसम विभाग की माने तो अगले 2 दिन तक तेज ठंड से राहत मिलेगी, फिर बूंदा-बांदी होने के आसार हैं। सुबह कोहरा भी रहेगा।

सोमवार सुबह ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सतना में मध्यम कोहरा छाया रहा। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत एक दर्जन से ज्यादा जिलों में हल्का कोहरा देखने को मिला। दूसरी ओर, पारे में भी गिरावट देखने को मिली है।

**इस वजह से ऐसा मौसम–** मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के कई जिलों में बादल वाली स्थिति है। इस वजह से पारे में बढ़ोतरी हुई है। रविवार को दिन के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली। दरअसल, प्रदेश के ऊपरी हिस्से से दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन गुजर रहे हैं।



## कमिश्नर साहब ध्यान दें!

### सुप्रीम कोर्ट ने इंदौर के एसएचओ को तुरंत हटाने का दिया आदेश



**अनोखा तीर, इंदौर ।**

सुप्रीम कोर्ट ने इंदौर के चंदन नगर थाने के एसएचओ इंद्रमणि पटेल को जांच के काम से तुरंत हटा दिया है। कोर्ट का कहना है कि एक ही गवाहों का बार-बार इस्तेमाल करना कानून के राज वाले देश के लिए ठीक नहीं है। यह बात एक स्पेशल लीव पिटीशन पर सुनवाई के दौरान सामने आई। कोर्ट ने साफ कहा है कि अगर एसएचओ पटेल किसी भी तरह से पुलिस स्टेशन के मामलों में दखल देने की कोशिश करते हैं, तो इंदौर के कमिश्नर ऑफ पुलिस खुद जिम्मेदार होंगे।

- **राज्य सरकार को देना होगा हलफनामा–** राज्य सरकार को इस आदेश का पालन करने की पुष्टि करते हुए एक हलफनामा देना होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह आदेश तुरंत संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाए, भले ही ऑर्डर की कॉपी अभी अपलोड न हुई हो।
- **सुप्रीम कोर्ट ने सिखाया कानून का पाठ–** सुप्रीम कोर्ट ने कहा, प्रतिवादी नंबर 4 (एसएचओ) ने, प्रथम दृष्टया, कथित अपराधों के पुलिस पक्ष के समर्थन में एक ही गवाहों का बार–बार इस्तेमाल किया है या इसकी अनुमति दी है, यानी 'स्टॉक गवाह'। यह तरीका जांच की निष्पक्षता और समानता की जड़ पर चोट करता है और हमारे जैसे कानून के शासन वाले देश के लिए 'अनादरणीय' कहा जा सकता है।
- **कोर्ट ने दूसरे मामले का भी संज्ञान लिया–** कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में चल रहे एक दूसरे मामले का भी संज्ञान लिया, जिसमें यही अधिकारी शामिल था। हाई कोर्ट ने 4 दिसंबर 2025 के अपने आदेश में कहा था कि पटेल ने 26 नवंबर 2025 को राजा दुबे को बिना कोई केस दर्ज किए अवैध रूप से हिरासत में लिया और हथकड़ी लगाई थी। जब पटेल खुद कोर्ट में पेश हुए, तो उन्होंने यह बात मानी, लेकिन हथकड़ी के इस्तेमाल के लिए कोई कोर्ट का आदेश नहीं दिखा सके।

## सड़क किनारे खड़े 4 लोगों को कार ने रौंदा

### महेश्वर में हार्डवेयर व्यापारी की मौत, बाइक सवार पिता-पुत्री घायल

**अनोखा तीर, महेश्वर (खरगोन) ।**

खरगोन जिले के महेश्वर (धरगांव) में सोमवार सुबह 9 बजे तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े चार लोगों और एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पिता-बच्ची सहित तीन अन्य लोग घायल हैं। घटना सुलगाव फाटे पर यशराज कॉलोनी के सामने हुई।




प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धरगांव निवासी हार्डवेयर व्यापारी मुन्ना कर्मा (55) अपनी बाइक से लाल मिर्ची खरीदने सुलगाव फाटे पहुंचे थे। बड़वाह की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें और वहां खड़े शांतिलाल पाटीदार को टक्कर मार दी। इसी दौरान झापड़ी निवासी शुभम और उनकी 5 साल की बेटी भी मोटरसाइकिल से जाते समय कार की चपेट में आ गए।

#### नीम के पेड़ से टकराकर रुकी

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार घटना स्थल से करीब आधा किलोमीटर दूर जाकर एक नीम के पेड़ से टकरा कर रुकी। हादसे के बाद ड्राइवर कार छोड़कर मौके से फरार हो गया।

**डॉक्टर बोलीं– मरीजों की हालत गंभीर–** मंडलेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल ऑफिसर डॉ. किरण वर्मा ने बताया कि सुबह तीन मरीजों को अस्पताल लाया गया था। मुन्ना कर्मा की हालत गंभीर थी, उनके शरीर में कई जगह गंभीर फ्रैक्चर और चोटें थीं। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

#### पुलिस ने कार जब्त की

हादसे के बाद पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है और जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है। घटना के समय गाड़ी कौन चला रहा था, यह स्पष्ट करने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी जुटाई जा रही है।

## कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर: युवक की मौत

**अनोखा तीर, भोपाल।** भोपाल के अरेरा हिल्स इलाके में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद एम्बुलेंस से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। एमपी नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

कार के रजिस्ट्रेशन में दर्ज पते के आधार पर पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। नाथू बरखेड़ा, रातीबड़ निवासी सतीश पिता कुंदीलाल मेहरा (45) प्राइवेट ड्राइवर था। वह रविवार शाम किसी काम से एमपी नगर इलाके में आया था। काम निपटाने के बाद वह अपनी बाइक से घर लौट रहा था।

## देवास में दिनदहाड़े 6 लाख की चोरी

### बैंक से पीछा कर सुभाष चौक में दिया वारदात को अंजाम





**अनोखा तीर, देवास।**

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक बुजुर्ग के साथ बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। पीड़ित महेंद्रदास से अज्ञात बदमाशों ने 6 लाख रुपये चोरी कर लिए। महेंद्रदास ने बताया कि वे मकान निर्माण के लिए स्टेशन रोड स्थित यूनियन बैंक और अलंकार मार्केट स्थित समता बैंक से राशि निकालकर अपनी एक्टिवा की डिक्की में रखे हुए थे। बैंक का काम निपटाने के बाद वे सुभाष चौक पहुंचे, जहां गाड़ी खड़ी कर पास की झंडे की दुकान से झंडा लेने गए। जब वे वापस लौटे तो देखा कि एक्टिवा की डिक्की खुली हुई थी और उसमें रखे 6 लाख रुपये गायब थे।

घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई, जिस पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किए। सीसीटीवी फुटेज में दो अज्ञात संदिग्ध युवकों द्वारा वारदात को अंजाम दिए जाने के संकेत मिले हैं। पीड़ित का कहना है कि संभवतः बदमाश बैंक से ही उनका पीछा कर रहे थे और मौका मिलते ही सुभाष चौक में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## माचलपुर में पिकअप वाहन में नाबालिग से दुष्कर्म

- फोन कॉल से बहलाया, सुनसान जगह ले जाकर वारदात, पिता के पहुंचते ही भागा आरोपी

**राजगढ़ (एजेंसी)।** राजगढ़ जिले के माचलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग के साथ पिकअप वाहन में दुष्कर्म करने का गंभीर मामला सामने आया है। घटना रविवार रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार घटना के समय 14 साल की नाबालिग अपने घर पर पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान गांव के ही सूरज मालवीय ने उसे मोबाइल फोन कर बाहर घूमने चलने की बात कही।

फोन आने पर किशोरी घर के बाहर निकली, जहां आरोपी पिकअप वाहन लेकर पहले से खड़ा था। भरोसा होने पर किशोरी उसके वाहन में बैठ गई।

**बहाने से सुनसान जगह पर ले गया–** आरोप है कि सूरज मालवीय नाबालिग को गांव के पास एक सुनसान स्थान पर ले गया, जहां पिकअप वाहन में ही उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया गया। इसी बीच नाबालिग के पिता उसे तलाशते हुए घर से बाहर निकल आए और घटनास्थल के पास पहुंच गए। पिता को आते देख आरोपी घबरा गया और नाबालिग को जबरन वाहन में बैठाकर वहां से भाग निकला।

**जबलपुर हिट एंड रन केस** | **हिरासत में गाड़ी मालिक, ड्राइवर की तलाश**

## मृतकों की संख्या पहुंची पांच, परिजनों ने जाम किया रोड, 25 लाख मुआवजे की मांग





**अनोखा तीर, जबलपुर ।**

मध्य प्रदेश के जबलपुर हिट एंड रन केस में मृतकों की संख्या पांच हो गई है। इसके बाद आक्रोशित परिजनों ने जबलपुर-मंडला मार्ग को जाम कर दिया है। मृतक के परिवार के लिए सरकारी नौकरी और 25 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। लोगों के प्रदर्शन की वजह से सड़क जाम है।

**खाना खा रही महिला मजदूरों को रौंदा–** दरअसल, जबलपुर-बरेला मार्ग पर तेज रफ्तार कार चालक सड़क किनारे खाना खा रही महिला मजदूरों के समूह को रौंदते हुए भाग गया। कार की चपेट में आने के कारण 14 महिला मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गयीं। जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया है। दो की मौत मौके पर हो गई थी। वहीं, तीन महिलाओं की मौत इलाज के दौरान हो गई है। दो मजदूरों की हालत गंभीर बनी हुई है।

**पेंट कर रहे थे मजदूर–** बरेला थाना प्रभारी अनिल पटेल ने बताया कि जबलपुर-मंडला रोड स्थित सिग्मा सिटी के सामने सड़क किनारे लगी लोहे की ग्रील में मजदूर वर्ग पेंट करने का कार्य कर रहे थे। महिला मजदूरों का समूह दोपहर लगभग डेढ बजे संयुक्त रूप से सड़क किनारे बैठकर भोजन कर रहा था।

## केंद्रीय जेल की महिला प्रहरी पर जानलेवा हमला

- बेहोशी की हालत में बीच सड़क पर फेंक दिया, एफआईआर दर्ज

**अनोखा तीर, भोपाल।**

भोपाल के केंद्रीय जेल में पदस्थ महिला प्रहरी पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। सिर में गंभीर चोट के चलते महिला को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीड़िता ने हमले का आरोप सहकर्मी के बेटे और परिजनों पर लगाया है। आरोप है कि पूरी वारदात को गबन की शिकायत करने से नाराज होकर अंजाम दिया गया है। गांधी नगर पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। महिला प्रहरी कमला शर्मा पर गुजरे शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब दो बजे ड्यूटी से घर लौट रही थीं।

जेल से बाहर निकलते ही मुख्य मार्ग पर महिला के सहकर्मी शरीफ खान के बेटे अमन खान ने उनके सिर में पीछे से रॉड से हमला कर दिया। इससे वे बेहोश हो गईं, अमन ने वारदात के बाद बदहवास महिला को घसीटकर सड़क के बीच में लेटा दिया।

## सार-समाचार

### विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति ने आयोजित किया सामाजिक समरसता कार्यक्रम

**अनोखा तीर, हरदा।** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति के तत्वावधान में जोशी कॉलोनी में बस्ती में सामाजिक समरसता के विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति की सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत राम का तेरा बार जाप से हुई, जिसके बाद भगवान राम के जयकारों के साथ कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति को सामाजिक समरसता का महत्व समझाया गया। विश्व हिंदू परिषद की उपाध्यक्ष स्मिता दुबे ने कहा कि जिस प्रकार भगवान



राम की पूजा हर समाज का व्यक्ति कर सकता है, उसी प्रकार हम सभी हिंदू एक हैं और किसी भी अलग-अलग जाति में बंटे नहीं हैं। उन्होंने एकता बनाए रखने पर जोर दिया। विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति की जिला संयोजिका रेखा विश्नोई ने कहा कि बेटियों को पढ़ाई के साथ-साथ आत्मसुरक्षा भी सीखनी चाहिए, ताकि उन्हें आने वाले खतरों से सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए एकता आवश्यक है। कमला सोनी ने कहा कि अगर आज हम एकता से नहीं रहेंगे तो टुकड़ों में बट जाएंगे और हमारी ताकत आधी हो जाएगी। इसी क्रम में प्रज्ञा अग्रवाल, रागिनी सोनी और कल्पना काशिव ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में सभी बहनों को सुहाग सामग्री वितरित की गई और उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। अंत में भजन-कीर्तन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### भव्य कलश यात्रा के साथ नौ कुंडात्मक शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ

#### शिव-पार्वती स्वरूप रहे आकर्षण का केंद्र

**अनोखा तीर, हंडिया।** ऊंचान में आयोजित नौ कुंडात्मक शतचंडी महायज्ञ का आयोजन 19 जनवरी को विधि-विधानपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: कलश यात्रा के साथ हुआ, जो नयापुरा से प्रारंभ होकर यज्ञ स्थल तक पहुँची। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन पारंपरिक पीले वस्त्र धारण कर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्मिलित हुए। संपूर्ण कार्यक्रम महामंडलेश्वर मधुराज शास्त्री की देखरेख में संपन्न हुआ। कलश यात्रा की विशेष शोभा भगवान शिव एवं माता पार्वती के सजीव स्वरूप रहे, जिन्होंने श्रद्धालुओं को विशेष आकर्षित किया। पूरे मार्ग में हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कलश यात्रा के उपरांत शिवशक्ति धाम ग्राम ऊंचान में बनारस से पधारे सात ब्राह्मण, जिनमें मुख्य रूप से आचार्य राहुल पांडे एवं विद्वान पंडितों के सान्निध्य में हवन-पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ की आहुतियाँ अर्पित की गईं। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में सहभागिता कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। आयोजन के दौरान व्यवस्था पूर्णत: सुव्यवस्थित रही, जिसे आयोजन समिति द्वारा सफलतापूर्वक संचालित किया गया। आसपास के ग्रामों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। यह धार्मिक आयोजन आस्था, संस्कृति एवं सामाजिक समरसता का प्रेरणादायी उदाहरण बना। संपूर्ण जानकारी मीडिया प्रभारी संजोग व्यास द्वारा साझा की गई। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित संपन्न कराने में समिति के सदस्य संदीप शुक्ला, नेमीचंद विश्नोई, अमित दुबे, संतोष राजपूत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीण जनों ने भी इस धार्मिक अनुष्ठान में अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

### मां नर्मदा जन्मोत्सव पर महाआरती एवं विशाल भंडारा 25 जनवरी को

#### - एबी रोड स्थित रेत मंडी में होगा आयोजन

**अनोखा तीर, देवास।** मां नर्मदा जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी देवास जिला रेत व्यापारी एसोसिएशन द्वारा रविवार, 25 जनवरी को प्रात: 11 बजे से भव्य महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन स्थल देवास नगर बायपास, एबी रोड स्थित रेत मंडी, नवीन ट्रैफिक थाना के सामने



रहेगा। रेत मंडी के वरिष्ठ सदस्य नितेश मालवीय ने मां नर्मदा के जन्मोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मां नर्मदा केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और जीवनदायिनी शक्ति की प्रतीक हैं। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक गायत्री राजे पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव और रेती व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष विजय गहलोत विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत मां नर्मदा की परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्राम, भजन-कीर्तन, प्रसादी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। साथ ही परिक्रमा मार्गों पर आदिवासी समाज को जोड़कर सेवा और सहयोग के इस अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया जाएगा, जिससे श्रद्धा के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व भी मजबूत हो। आयोजन को सफल बनाने के लिए भारत सिंह राजपूत, हरीश जी, हुकुम सिंह भालोठिया, मनोहर बालोदिया, तूफान सिंह राजपूत, बालकिशन श्रीवास्तव, सद्दाम पटेल सहित अन्य सामाजिक एवं व्यापारी बंधुओं ने श्रद्धालुओं, व्यापारी साथियों एवं नगरवासियों से परिवार सहित उपस्थित होकर मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# समरस समाज से ही होगा देश का विकास : श्याम शर्मा

**अनोखा तीर, करताना।**

संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में ब्लॉक व ग्राम मंडलों द्वारा विभिन्न स्थानों पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को टिमरनी खंड के करताना मंडल द्वारा ग्राम करताना में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह लगभग 9 बजे हुई, जब कन्याओं द्वारा कलश पर नारियल रखकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों के सामने रंगोली सजाई और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। रामदेव बाबा चौक से प्रारंभ हुई शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल शगुन मैरिज गार्डन पहुंची। हिंदू सम्मेलन में ग्राम करताना, गोदड़ी, काथडी, रूनंलाय, गुललास, खोड़ियाखेड़ी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता श्याम शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदू समाज जातियों में बंटा होने के कारण आदिकाल से आक्रांताओं के हमलों का सामना करता रहा। समाज संगठित न





होने से हजारों वर्षों तक संघर्ष झेलना पड़ा, जबकि कलियुग में संगठन शक्ति ही जागरण का आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि जो गौ, धर्म और राम को मानने वाले हैं, उन्हें हम अपने से दूर कर रहे हैं और जो हमारी आस्था को नहीं मानते, उन्हें पास बिठा लेते हैं, जिससे समाज एक नहीं हो पा रहा है। हमें अपने पिछड़े हुए भाइयों और बांधवों को साथ बैठाने की आवश्यकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि राम को मानने वाला देश होने के बावजूद हम राम की मर्यादाओं का पालन नहीं कर रहे हैं। भगवान राम ने वनवास के दौरान वंचित वर्ग के लोगों को संगठित कर दुष्ट रावण पर विजय प्राप्त की थी। श्याम शर्मा ने कहा कि संघ की वर्षों की यात्रा में देश को चरित्रवान और निःस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले कार्यकर्ता मिले हैं। उन्होंने कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, नागरिक शिष्टाचार जैसे विषयों पर भी अपने विचार रखे। भारतीय पद्धति के आधार पर व्यवस्था निर्माण, अपनी संस्कृति व परंपराओं पर गर्व, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण, प्लास्टिक के उपयोग से बचाव और युवाओं में राष्ट्रभक्ति का भाव जागृत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि देश का सामान्य नागरिक भी इन पांच बिंदुओं पर मिलकर कार्य करे, तो आने वाले दस वर्षों में भारत विश्व का अग्रणी राष्ट्र बन सकता है। हिंदू सम्मेलन से पूर्व निकाली गई भव्य शोभायात्रा और कार्यक्रम में लगभग 1900 ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे, जिनमें 475 मातृशक्ति शामिल रहीं। कार्यक्रम के अंत में समिति के संयोजक गजेंद्र सिंह जादौन ने आभार व्यक्त किया।

# पानी ने रोका पुलिया निर्माण, खेतों में जाने का रास्ता हुआ बंद



**अनोखा तीर, मसनगांव।**

स्टेट हाईवे से रेलवे लाइन तक जाने वाले मार्ग पर प्रस्तावित पुलिया निर्माण कार्य नहर के पानी के कारण रुक गया है, जिससे किसानों का खेतों में आना-जाना पूरी तरह प्रभावित हो गया है। मोरगा नाले पर विधायक निधि से स्वीकृत पांच लाख की राशि से पुलिया का निर्माण किया जाना था, लेकिन नहर में पानी छोड़े जाने के चलते कार्य शुरू होते ही बाधित हो गया। ग्रामीण जितेंद्र भायरे और नारायण देवासिया ने बताया कि पंचायत द्वारा बारिश के बाद कार्य शुरू करने के बजाय नहर में पानी छोड़े जाने के समय पुलिया निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया। जैसे ही काम शुरू हुआ, नाले में पानी आ गया और पानी रोकने के लिए डाली गई मिट्टी बह गई। इससे पुलिया का निर्माण कार्य बीच में ही अटक गया। ठेकेदार द्वारा जेसीबी से दोनों ओर खुदाई कर मिट्टी डाल देने से रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। एक ओर गिट्टी और मिट्टी डाली गई, वहीं दूसरी ओर नहर का पानी आने से दलदल बन गई, जिससे पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। इस मार्ग से लगभग एक दर्जन किसान अपने खेतों में जाते हैं। बारिश और सर्दी के दिनों में नाले में पानी भरा रहने से किसानों को खेतों तक पहुंचने में भारी परेशानी हो रही है। किसानों ने बताया कि पुलिया निर्माण के लिए उन्होंने क्षेत्रीय विधायक से मांग की थी, जिस पर पांच लाख की राशि स्वीकृत कर पंचायत के माध्यम से निर्माण की अनुमति दी गई थी, लेकिन पंचायत की लापरवाही के चलते कार्य समय पर शुरू नहीं हो सका। इस संबंध में पंचायत सचिव नंदलाल वघेल ने बताया कि बारिश बंद होने के बाद काम शुरू किया जाना था, लेकिन ठेकेदार के पास समय नहीं होने से देरी हुई। समय मिलने पर कार्य शुरू किया गया, परंतु नहर के पानी के कारण काम रुक गया।

#### नहर बंद होने के बाद ही होगा काम शुरू

ग्रामीणों ने बताया कि देदली नदी और मोरगा नाले में नहर का पानी आते ही दो से तीन फीट तक पानी भर जाता है। ऐसे में पुलिया निर्माण का कार्य लगभग तीन माह तक टल सकता है।

जबकि यही मार्ग किसानों के खेतों तक पहुंचने का एकमात्र रास्ता है, जिससे होकर रेलवे लाइन तक के किसान बोनी-बखरनी से लेकर फसल कटाई तक का कार्य करते हैं। किसान भागीरथ भायरे ने बताया कि रास्ता बंद होने के कारण खेतों तक पहुंचने के लिए पांच किलोमीटर का अतिरिक्त फेरा लगाना पड़ रहा है, जिससे समय और ईंधन दोनों की खपत बढ़ गई है। बोनी का कार्य प्रभावित हो रहा है और यदि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू नहीं हुआ तो फसल कटाई के समय भी गंभीर दिक्कतें आ सकती हैं।

### मिशन कवच 2.0 : आत्मरक्षा में निखर रहीं देवास की बेटियां



**अनोखा तीर, टिमरनी।** तिनका सामाजिक संस्था टिमरनी द्वारा संचालित मिशन कवच 2.0 अभियान के तहत टोंक खुर्द और डबल चौकी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बालिकाओं के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अप्रवाह एनर्जी के निलेश, तिनका सामाजिक संस्था के अध्यक्ष रितेश तिवारी एवं सचिव मना मंडलेकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजित प्रतियोगिताओं में कराटे कुमिते,




काता, गोला फेंक, डक चाल, 100 मीटर दौड़ और रस्सी कूद जैसी गतिविधियां शामिल रहीं। दोनों विद्यालयों की बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेता बालिकाओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। मिशन कवच 2.0 का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास का विकास करना है। प्रशिक्षिका निधि अहिरवार एवं आरती यादव द्वारा बालिकाओं को नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। केजीबीवी टोंक खुर्द की हॉस्टल वार्डन सीमा धाकड़ तथा केजीबीवी डबल चौकी की हॉस्टल वार्डन सुमन का विशेष सहयोग रहा। उल्लेखनीय है कि मिशन कवच 2.0 अभियान अगस्त 2025 से मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कुल 351 बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान खेल गतिविधियों के साथ जेंडर संवेदनशीलता, आत्मविश्वास और जीवन उपयोगी सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं।

# खमगांव में संघ शताब्दी वर्ष पर विशाल हिंदू सम्मेलन एवं सहभोज का आयोजन

**अनोखा तीर, रहटगांव।** रहटगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खमगांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को विशाल हिंदू सम्मेलन एवं सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में महिलाएं, बालिकाएं, युवा एवं पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। डीजे, बैंड-बाजे और साधु-संतों के साथ निकली कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई सम्मेलन स्थल पर पहुंची। यात्रा के दौरान जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा नगर भक्तिरस में सराबोर हो गया। जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। विशाल हिंदू समाज सम्मेलन में खमगांव, कासरनी, आमसागर, धनपाड़ा, शिंदखेड़ा, कनगांव एवं सिंगनपुर सहित आसपास




के ग्रामों के सकल सर्व हिंदू समाज के लोग शामिल हुए और सम्मेलन को सफल बनाया। सम्मेलन के पश्चात सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने एक साथ बैठकर सहभोज किया। विराट हिंदू सम्मेलन में उपस्थित साधु-संतों एवं वक्ताओं ने सनातन संस्कृति की गौरवशाली परंपरा, सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्य एवं नैतिक आचरण पर अपने विचार रखे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी समरसता, एकता एवं सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करना बताया गया। साथ ही पारिवारिक और सामाजिक मूल्यों की पुर्नस्थापना तथा समाज में बढ़ती सामाजिक दूरी, पारिवारिक विघटन जैसे विषयों पर भी विचार व्यक्त किए गए। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि यह आयोजन किसी भी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना जागृत करने के लिए किया गया है। समापन अवसर पर भारत माता की सामूहिक आरती, संगीतमय हनुमान चालीसा, भजन एवं प्रार्थना के साथ शांति, सद्भाव और राष्ट्र उन्नति की कामना की गई।

# श्रीमद्भागवत भगवान का वाङ्मय स्वरूप : अभिषेक शर्मा

**अनोखा तीर, रहटगांव।**

नगर में सिद्ध श्री खेड़ापति माता मंदिर समिति रहटगांव द्वारा सात दिवसीय सार्वजनिक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का मंगलमय शुभारंभ भगवान श्री गणेश मंदिर, बाजार चौक रहटगांव से भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा गणेश मंदिर बाजार चौक से प्रारंभ होकर



नगर भ्रमण के उपरांत कथा स्थल खेड़ापति माता मंदिर पहुंची। इसके पश्चात पूज्य पंडित अभिषेक शर्मा द्वारा विधिवत पूजन कर संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कथा के दौरान पंडित अभिषेक शर्मा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से पापों का नाश होता है और कलियुग की क्षीण होती आयु सार्थक होती है। उन्होंने नारद जी के पृथ्वी भ्रमण, ज्ञान, भक्ति एवं वैराग्य को जागृत करने की कथा का वर्णन करते हुए आनंद तट गंगा तट पर सप्ताह पारायण विधि से भागवत कथा श्रवण का प्रसंग सुनाया। साथ ही कलियुग में प्रत्येक भक्त के हृदय में भक्ति स्थापना के लिए नारद जी के आशीर्वाद का उल्लेख किया। कथा के दौरान आत्मदेव ब्राहह्मण की कथा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में लोकेषणा, वित्तेषणा और पुत्रेषणा की लालसा में मनुष्य उलझा हुआ है, जबकि भगवान से प्राप्त होने वाला प्रत्येक फल उनकी इच्छा पर निर्भर करता है। उन्होंने व्यास जी द्वारा श्रीमद्भागवत की रचना, भागवत श्रवण की विधि तथा महाभारत काल के भीष्म, कुंती आदि प्रसंगों के माध्यम से कलियुग का विस्तृत वर्णन किया। कथा के दौरान भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां भी दी गईं। आयोजक समिति द्वारा प्रतिदिन अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा श्रवण का आग्रह किया गया। कथा के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

### मुंबई में हुई अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ की कार्यसमिति बैठक

**अनोखा तीर, खिरकिया।** धर्मनगरी मुंबई में अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ की कार्यसमिति बैठक का आयोजन शनिवार को तेरापंथ भवन, कांदिवली में किया गया। बैठक में संघ द्वारा संचालित लगभग 50 से अधिक गतिविधियों एवं प्रकल्पों की जानकारी डिजिटल माध्यम से प्रोजेक्टर के जरिए प्रस्तुत की गई। बैठक में बताया गया कि संस्कार शिविरों के माध्यम से बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। इसके साथ ही व्यसनमुक्ति अभियान, विहार सेवा की महत्ता, 'इंदम न मम' की भावना अर्थात अपने लाभ में संघ को सहभागी बनाना, सधर्मी सहयोग, हायर एजुकेशन लोन, धर्मपाल प्रवृत्ति तथा दान पेटी योजना के अंतर्गत प्रतिदिन दान की निरंतरता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वीर परिवारों के प्रति संघ के कर्तव्य एवं नैतिक दायित्व पर भी विचार रखे गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र गांधी जावद, राष्ट्रीय महामंत्री सुरेश बच्छावत बीकानेर तथा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश बच्छावत बीकानेर-विराटनगर नेपाल ने अपने विचार रखते हुए संवाद के माध्यम से विभिन्न विषयों पर समाधान प्रस्तुत किए।

### विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर कान्हा बाबा मैदान पर हुआ भूमिपूजन

**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम सोडलपुर में 22 जनवरी गुरुवार को होने वाले विराट हिंदू महासम्मेलन की तैयारियों के तहत सोमवार सुबह 9 बजे कान्हा बाबा मैदान पर भूमि पूजन कर ध्वज स्थापना की गई। ग्रामीणों और युवाओं द्वारा विधिवत ध्वज व भूमि पूजन कर आयोजन का शुभारंभ किया गया। इस विराट हिंदू महासम्मेलन में सोडलपुर मंडल के साथ सुहागपुर, मनयाखेड़ी, गुरारखेड़ा और भायली ग्राम भी शामिल रहेंगे। सभी गांवों के ग्रामीण सम्मेलन में बड़ी संख्या



में पहुंचेंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रतिदिन युवाओं द्वारा गांव के प्रत्येक घर जाकर हिंदू सम्मेलन का आमंत्रण दिया जा रहा है। गांव से जो परिवार सहयोग दे रहे हैं, वह स्वेच्छा से लिया जा रहा है। हिंदू समाज इस विराट आयोजन को सफल बनाने के लिए बढ़-चढ़कर सहभागिता कर रहा है। सोमवार रात्रि 8 बजे हिंदू सम्मेलन को लेकर बैठक भी संपन्न हुई, जिसमें समस्त ग्रामीणों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए। बैठक में भोजन व्यवस्था, टेंट व्यवस्था, शोभायात्रा सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। भूमि पूजन के दौरान कान्हा बाबा समाधि के महंत शीतलदास महाराज, महेश रायखेरे, अखिलेश पटेल, भरत टुले, शीतलदास पटेल, दिनेश मुकाती, निखिल पटेल, मनोज चौधरी, श्याम कछ्वाह, लोकेश सांखला, संजय सोलंकी, प्रीतम खोरे, गजेंद्र भाटी, राजेश गुर्जर, आनंद पटेल सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## दयोदय गौशाला में परमार्थ भूसा गृह का भूमिपूजन

**अनोखा तीर, हरदा।** मगरधा रोड स्थित दयोदय गौशाला में आज परमार्थ भूसा गृह के निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरदा विधायक डॉ. आर.के. दोगने के करकमलों द्वारा लगभग 3000 वर्गफूट क्षेत्रफल वाले भूसा गृह का भूमिपूजन किया गया। वर्तमान परिस्थितियों और आगामी भूसा संग्रहण की अधिकतम भंडारण क्षमता को ध्यान में रखते हुए इस भूसा गृह का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। इसके निर्माण को आगामी दो माह में पूर्ण करने का संकल्प लिया गया है। इस अवसर पर विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने भूसा गृह निर्माण के लिए विधायक निधि से पांच लाख रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम में दयोदय गौशाला समिति के अध्यक्ष अनूप जैन, कार्यकारिणी सदस्य सोहन उन्हाले, कोषाध्यक्ष महेन्द्र अजमेरा, प्रदीप अजमेरा, जनपद उपाध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा, राजेन्द्र जैन, राजकुमार जैन, नीलू मामा, विधायक प्रतिनिधि संजय जैन, विधायक प्रतिनिधि राहुल पटेल, अजय पाटिल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### एसआईआर को लेकर कांग्रेस ने संयुक्त कलेक्टर को सौंपा आवेदन

**अनोखा तीर, हरदा।** एसआईआर के संबंध में आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं, हरदा विधायक डॉक्टर रामकिशोर दोगने और संजय जैन ने संयुक्त रूप से संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को एक लिखित आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं ने फार्म 6 एवं फार्म 7 से संबंधित जानकारी मांगी, साथ ही जिले में हुई एसआईआर प्रक्रिया में पाई गई विसंगतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। आवेदन में



बताया गया कि निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के तहत दावे, आपत्ति और नाम जोड़ने की अंतिम तिथि 22 जनवरी निर्धारित की गई है। इस अवधि को देखते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने इसे एक माह बढ़ाने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने मांग की कि जिले के किसी भी मूल निवासी मतदाता का नाम न काटा जाए। जिन परिवारों के नाम सूची में हैं लेकिन किसी कारणवश मैपिंग में नाम नहीं आ पाए हैं, उन्हें नोटिस जारी कर उचित निराकरण किया जाए, ताकि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। इस पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय ने आश्वासन दिया कि सभी बीएलओ को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे और सभी मामलों का समाधान नियमानुसार किया जाए।

### प्राइवेट स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी

**अनोखा तीर, हरदा।** राज्य शिक्षा केन्द्र, ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत संचालित प्राइवेट स्कूलों की नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सभी अशासकीय विद्यालयों को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन माध्यम से मान्यता नवीनीकरण अथवा नवीन मान्यता के लिए आवेदन करना होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई थी, किन्तु तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए इसे बढ़ाकर अब 20 जनवरी 2026 कर दिया गया है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा का अधिकार नियम 11 के उपनियम 4(ग) के तहत यदि कोई स्कूल निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाइन आवेदन नहीं करता है, तो उस स्कूल को मान्यता विहीन माना जाएगा और विद्यालय का संचालन शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा।

### कमल फैंस क्लब हरदा खिरकिया ने 10 रनों से जीता मुकाबला

**अनोखा तीर, हरदा।** ग्राम भंवरतलाव में जेबीआर क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। आयोजक टीम ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया है। प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपये अभिन ओम पटेल भंवरतलाव द्वारा तथा द्वितीय पुरस्कार 51 हजार रुपये साईं एग्रो



हरदा प्रिंस पटेल द्वारा प्रदान किया गया है। प्रतियोगिता के तहत खेले गए मैच में कमल फैंस क्लब हरदा खिरकिया विजय जेवल्या और दीपक गारू की टीम का मुकाबला पृथ्वी एग्रो टेक महेंद्रा ट्रैक्टर राहुल जलवाड़ा और कमलेश पड़ौदा की टीम से हुआ। टॉस जीतकर महेंद्रा ट्रैक्टर की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। यह मैच 8-8 ओवर का खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कमल फैंस क्लब हरदा खिरकिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 104 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में पृथ्वी एग्रो टेक की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 95 रनों पर ही सिमट गई। इस तरह कमल फैंस क्लब हरदा खिरकिया की टीम ने 10 रनों से मैच जीतकर प्रतियोगिता में जीत दर्ज की।

### आज से जिला पंचायत में आयोजित होगी जनसुनवाई

**अनोखा तीर, हरदा।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाला 'जनसुनवाई' कार्यक्रम अब 20 जनवरी 2026 से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। इस जनसुनवाई में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और कलेक्टर उपस्थित रहकर आम जनता की समस्याओं, शिकायतों और आवेदनों का निराकरण करेंगे। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित समय पर जिला पंचायत सभाकक्ष पहुँचकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

---

### एसडीएम अपने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता के लिए सजग रहें

# फील्ड का सतत भ्रमण कर विभिन्न विभागों के कार्य भी देखें

**-सभी छात्रावासों की पेयजल टंकियों की सफाई की जांच की जाए - कलेक्टर**

अनोखा तीर, हरदा।

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा है कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र का लगातार भ्रमण करें एवं विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखें। उन्होंने सड़क निर्माण से जुड़े विभागों को जिले की सभी सड़कें दुरूस्त रखे जाने के लिये भी ताकीद किया है। उन्होंने कहा है कि खराब सड़कें आमजन के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। साथ ही वाहनों की सुरक्षा की दृष्टि से भी जोखिम भरी रहती हैं। उन्होने जिले के सभी छात्रावासों की पेयजल टंकियों की सफाई की जांच के लिए भी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अवैध माइनिंग के खिलाफ भी सख्ती से निपटने के



प्रशासनिक एवं माइनिंग अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होने कहा कि अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में सख्ती से प्रकरण बनाये जाएं। बैठक में आंगनवाड़ियों में पोषण वाटिका तैयार करने का कार्य उत्तम गुणवत्ता के साथ करने हेतु भी कलेक्टर द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होने कहा कि आंगनवाड़ी भवनों के शौचालय निर्माण भी अच्छी निर्माण गुणवत्ता के साथ किए जाएं। कलेक्टर ने जिले के सभी शासकीय भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाने के भी बैठक में निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश दिये गये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में श्रेष्ठ प्रदर्शन किये जाने पर उनकी सराहना भी की गई। सिविल लाइन क्षेत्र में नगर पालिका के फालतू बह रहे पानी को रोकने के उपाय करने के भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि अविवादित नामांतरण के मामले 30 दिन के भितर निराकृत किए जाएं। अनावश्यक प्रकरणों को लंबिन न रखा जाए। इस दौरान सीमांकन, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, राजस्व वसूली एवं सायबर तहसील में दर्ज प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। साथ ही विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लक्ष्यानुरूप प्रगति लाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व सुश्री रजनी वर्मा सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## कांग्रेस विधायक के विवादित बयान के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने किया पुतला दहन

अनोखा तीर, हरदा।

महिलाओं पर दिए गए कथित विवादित बयान को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस विधायक फूलसिंह बरैया के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर नारेबाजी की और चप्पलों से पुतले की पिटाई की। प्रदर्शन के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने कहा कि फूल सिंह बरैया का बयान महिलाओं के



सम्मान के खिलाफ है और इसकी कड़ी निंदा की जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयानों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर महिला मोर्चा की महामंत्री पूजा शर्मा ने भी विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं की मानसिकता महिला विरोधी है और पार्टी को ऐसे नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। भाजपा महिला मोर्चा ने मांग की कि विधायक अपने बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## कलेक्टर ने पीएचई की जल परीक्षण प्रयोगशाला का किया निरीक्षण

**-ग्रामीणों से नल जल योजनाओं के संचालन का फीडबैक लेने के निर्देश**



**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यालय में संचालित जल परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रयोगशाला में प्राप्त होने वाले पेयजल के नमूनों के जाँच की प्रक्रिया देखी। साथ ही जाँच में पेयजल अशुद्ध पाए जाने की स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों की जानकारी ली। जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित नल जल योजनाओं के संचालन की स्थिति पर भी कलेक्टर ने विभाग को सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। यहां संचालित कॉल सेंटर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से दूरभाष पर सम्पर्क कर योजनाओं के संचालन की स्थिति का फीडबैक प्राप्त किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त होने वाली पेयजल संबंधी शिकायतों का भी तुरन्त निराकरण किया जाए। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री बी.आर. उइके भी मौजूद थे।

**खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता**

## आज आयोजित होगी संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेलो मप्र यूथ गेम्स के तहत सोमवार को फुटबाल, क्रिकेट, बालिका वर्ग कबड्डी एवं शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। ब्लॉक समन्वयक सुश्री सलमा खान ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल, कबड्डी फेडरेशन के जिला अध्यक्ष रामजीवन गोदारा, क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान व कोच मेहमूद कुरेशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सोनिया झिंझोरे, दूसरा स्थान मसिरा खान, तीसरा स्थान लाविना बाक्सला व चतुर्थ स्थान त्रिवेणी बाघमारे ने प्राप्त किया। इसी प्रकार बालक वर्ग में प्रथम स्थान आर्जव जैन, दूसरा स्थान निर्वाण जैन, तीसरा स्थान यश पचौरी व चतुर्थ स्थान यश शर्मा ने प्राप्त किया। बालिका क्रिकेट लेदर बॉल में 15 बालिका, कबड्डी खेल में हरदा, खिरकिया व टिमरनी ब्लॉक से 14 बालक व 14 बालिका फुटबॉल में 15 बालक व 15 बालिकाओं का चयन किया गया। सभी खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। शतरंज के चयनित 4



बालिका व 4 बालक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। सुश्री खान ने बताया कि 20 जनवरी को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में हरदा जिले के टेबल टेनिस व जूड़ो के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होने बताया कि 20 जनवरी मंगलवार को हरदा जिले में संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित होगी।

**नेशनल कराते प्रतियोगिता में हरदा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन**

# ऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर किया कब्जा

अनोखा तीर, हरदा।

देवास के तुकोजीराव पवार स्टेडियम में 18 जनवरी को कराते इंडिया एवं मध्यप्रदेश कराते एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में भरत रतन नेशनल कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न प्रदेशों से लगभग 700 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हरदा जिले से चयनित खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में 11 वर्ष आयु वर्ग (-25) वजन समूह में कु. पीहू पिता निलेश सेन ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इसी आयु वर्ग में (30-35) वजन समूह में ईशा पिता सोहन सिंह राजपूत ने रजत पदक जीता। 12 वर्ष आयु वर्ग




(35-40) वजन समूह में मेदेशा पिता डॉ. श्रीचंद पटेल (जाट) ने कांस्य पदक हासिल किया।

वहीं 14 वर्ष आयु वर्ग (-40) वजन समूह में कशिश पिता हरिओम विश्नोई ने रजत पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। बालक वर्ग में 14 वर्ष आयु वर्ग (-45) वजन समूह में मानस सेन पिता निलेश सेन ने रजत पदक प्राप्त किया। इसी आयु वर्ग (-35) वजन समूह में विहान पिता भूपेंद्र विश्नोई (झाड़पा) ने कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हरदा जिला (मध्यप्रदेश) ने तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए ऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता के दौरान निलेश सेन एवं रेणुका सेन (ब्लैक बेल्ट), अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता, को रेफरी की भूमिका के लिए चयनित किया गया था।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विक्रम सिंह पवार (देवास), कराते इंडिया के अध्यक्ष, विनय यादव, कराते इंडिया के सचिव एवं मध्यप्रदेश कराते एसोसिएशन के सचिव तथा उपस्थित अतिथियों द्वारा कोच निलेश सेन एवं पूरी टीम को चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदान की गई।

### हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर ब्रिगेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम स्टापर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

# वीरेंद्र भाटी बने जिलाध्यक्ष

## विद्युत बाह्यस्रोत कर्मचारी संगठन की बैठक में नई टीम का गठन

- **8 प्रमुख समस्याओं पर हुई चर्चा**

अनोखा तीर, हरदा।

सोमवार को विद्युत बाह्यस्रोत कर्मचारी संगठन (भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध) जिला हरदा की बैठक बलराम सभागार, कृषि उपज मंडी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश धामनदेकर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जितेंद्र सोनी नर्मदापुरम विभाग प्रमुख, मजदूर संघ तथा विशेष अतिथि के रूप में प्रबल पंवार जिला महामंत्री, मजदूर संघ उपस्थित रहे। बैठक में सभी




कर्मचारियों द्वारा सर्वसम्मति से वीरेंद्र भाटी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही अन्य 12 कर्मचारियों को संगठन में प्रमुख जिम्मेदारी दी गई। बैठक में विद्युत कर्मचारियों की 8 प्रमुख समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। जिले के सभी वितरण केंद्रों से भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी कार्ययोजना के तहत प्रथम चरण में विद्युत विभाग के महाप्रबंधक और उपमहाप्रबंधक को विद्युत मंडल में ज्ञापन सौंपने की योजना बनाई गई। द्वितीय चरण में सर्वसम्मति से विद्युत आउटसोर्स कर्मचारियों की जिला टीम का गठन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी कर्मचारियों और भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने नई टीम को बधाई दी।

## लोकसभा चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन मामले में चालान पेश

**अनोखा तीर, हरदा।** लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान मतदान दिवस पर पूर्व मंत्री व सांसद प्रतिनिधि कमल पटेल द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किए जाने के संबंध में हरदा थाने में दर्ज आपराधिक प्रकरण क्र. 307/2024 को लेकर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने विधानसभा सदन में मांगी थी। इस पर गृह विभाग द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि आपराधिक प्रकरण क्र.307/2024 के अंतर्गत पूर्व मंत्री व सांसद प्रतिनिधि कमल पटेल, कन्हैयालाल कुशवाह, मोहम्मद जफर अंसारी और भारत पटनेरे के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951 एवं 1989 की धारा 128, 130, 131 तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# संपादकीय

# अंतरराष्ट्रीय जंग का नया अखाड़ा बन गया है ईरान

किसी भी विषय पर अमूमन हमारी राय स्पष्ट होती है. या तो हम विरोध में होते हैं या फिर समर्थन में. हालांकि कुछ मामलों में तटस्थ बने रहना भी बेहतर होता है मगर ईरान एक ऐसा मसला है जहां कुछ भी तय कर पाना मुश्किल है. खासकर भारत जैसे देश के लिए ! चाहे रजा शाह पहलवी का जमाना हो, खुमैनी की सल्तनत हो या फिर खामनेई की, भारत से रिश्ते अच्छे रहे हैं. जनता के स्तर पर भी भारत और ईरान के लोग एक-दूसरे से मोहब्बत करते हैं लेकिन मौजूदा दौर में हम भारतीयों के लिए यह तय कर पाना मुश्किल हो रहा है कि हम किसके साथ हैं. एक लोकतांत्रिक देश के नागरिक के बतौर हमें आजाद खयाल ईरानियों के साथ होना चाहिए. खामनेई ने वाकई ईरानी जनता के अधिकार छीन रखे हैं और विरोध करने वालों पर बेइंतहा जुल्म ढाए जाते रहे हैं. अब जनता ने विद्रोह कर दिया है. लेकिन हम जैसे ही विद्रोहियों के प्रति सद्भावना के बारे में सोचें तो यह खयाल भी आता है कि क्या इस सबके पीछे वाकई अमेरिका का हाथ है?

खामनेई की सत्ता चली जाएगी और रेजा पहलवी के कब्जे में सत्ता होगी तो नए संदर्भों में क्या वे भारत के साथ वही मधुर रिश्ते रखेंगे जो अभी हैं या फिर भारत-ईरान संबंध भी अमेरिका ही तय करेगा? यदि खामनेई की सत्ता चली जाती है तो वहां के लोगों के लिए तो वाकई प्रतिबंधों से आजादी का दिन होगा लेकिन ईरान की हालत क्या हो जाएगी?

खामनेई ने हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठनों का जो पालन पोषण किया है, वे चुपचाप बैठे रहेंगे? ईरान की भौगोलिक संरचना


Photo Credit : AFP

ऐसी है कि अमेरिकी फौज चाह कर भी पूरे देश पर नियंत्रण नहीं कर सकती. अमेरिका भी अफगानिस्तान जैसा हश्र नहीं चाहेगा. अभी ट्रम्प ने ईरानी प्रदर्शनकारियों को संदेश दिया है कि संघर्ष करते रहें, संस्थानों पर कब्जा करें, मदद रास्ते में है.

अब इस मदद का क्या मतलब है? क्या अमेरिकी फौज वहां पहुंचेगी? ऐसा आसान नहीं है क्योंकि चीन ने साफ कह दिया है कि किसी देश के आंतरिक मामले में विदेशी हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए.

रूस तो ईरान के साथ है. चीन और रूस का ईरान में मौजूद रहना जरूरी है क्योंकि दोनों देशों के हित वहां जुड़े हुए हैं. अमेरिका चाहेगा कि वह पाकिस्तान के माध्यम से वहां हस्तक्षेप करे, इसीलिए उसने मुनीर को अपनी गोद में बिठा रखा है लेकिन यह भी आसान नहीं होगा.

यानी पूरे मसले में इतने पेंच हैं कि यह कहना मुश्किल है कि ईरान में आखिर होने क्या जा रहा है? लेकिन इतना तय है कि ईरान इस वक्त अंतरराष्ट्रीय जंग का अखाड़ा बनता जा रहा है. सत्ता बदल भी जाती है तो चीन और रूस चुपचाप नहीं बैठेंगे. हमें जरूर इस बात पर नजर रखनी होगी कि हमारी भूमिका वहां क्या होती है और हम अपने हितों की रक्षा कैसे करते हैं?

न हम अमेरिका पर भरोसा कर सकते हैं, न चीन पर भरोसा कर सकते हैं. हमारे लिए भरोसे का साथी केवल रूस है लेकिन अभी कहना मुश्किल है कि वह अमेरिका के अश्वमेध के घोड़े को कब और कहां रोकता है ! रोकता भी है या नहीं रोकता है ! स्थिति वाकई विकट है.

दृष्टिकोण...

## वीभत्स सोच की सार्वजनिक प्रस्तुति पर अंकुश आवश्यक



-सुधाकर आशावादी

भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अपनी हदें पार करने लगी है। जिसे देखो वही स्वयं को सबसे बड़ा उपदेशक सिद्ध करने की फ़िराक़ में रहता है। कोई प्रशासनिक अधिकारी वैवाहिक सम्बंध स्थापित करने के लिए अपने निकम्मे नकारा लड़कों के लिए किसी ख़ास बिरादरी की दुल्हनों लाने के लिए सार्वजनिक रूप से कामना करता है, तो कोई अपनी बिरादरी की कन्याओं की उपेक्षा करके और बिरादरियों से अपेक्षा करता है, कि उन बिरादरियों की कन्याओं का विवाह ऐसे लोगों से कर दिया जाए, जो मानसिक रूप से पिछड़े हैं तथा बिना बैसाखियों के समाज में कंधे से कंधा मिलाकर नही चल सकते। हद तो तब हो जाती है, जब मानसिक रोगी सुंदरता को भी बिरादरियों से जोड़ता है तथा नारी सौंदर्य को वासना के लिए आमंत्रित करने वाला दर्शाता है। उस मानसिक विकलांग के लिए कुछ ही बिरादरियों की कन्याओं में खूबसूरती होती है, अधिकांश जातियों में नहीं। कहने का आशय यह है कि जितने मुँह उतनी बातें। अपने धूर्तता भरे बयानों से समाज का ध्यान आकर्षित करने के फेर में ओछी सियासत के कीड़े अपनी मानसिक विकलांगता का परिचय देने से बाज नही आते। ऐसे तत्वों का नाम लिखकर ऐसे तत्वों का महिमा मंडन करना मैं उचित नहीं समझता, क्योंकि यह मामला व्यक्ति का नही है, उस सड़ी हुई मानसिकता का है, जो कभी सर्वे भवंतु सुखिन : की भावना को स्वीकार नहीं करती। जिनकी बुद्धि लब्धि का स्तर शून्य से भी कम है, जिनकी सोच इतनी निकृष्ट है कि आत्मीय रिश्तों का उनके जीवन में कोई महत्व नही होता। जिस धूर्त जनप्रतिनिधि को सुंदरता उत्तेजित करती है या ख़ास बिरादरियों की लड़कियां आकर्षण का केंद्र लगती हैं। ऐसे धूर्तों का मानसिक और शारीरिक परीक्षण होना चाहिए तथा उसके विचारों को उसकी पार्टी का अधिकारिक वक्तव्य माना जाए या व्यक्तिगत, इस पर उसकी विधाता पार्टी का स्पष्टीकरण आना चाहिए। पार्टी की मीटिंगों में उसके चारित्रिक पहलुओं का भी अध्ययन होना चाहिए। एक ओर तो देश अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने हेतु अग्रसर है। दूसरी ओर अपने ही देश में वीभत्स सोच की सार्वजनिक प्रस्तुति पर कोई अंकुश न होना गंभीर चिंता का विषय है। समय आ गया है कि ऐसी विकृत सोच वाले तत्वों पर अंकुश लगना अनिवार्य है। देश में किसी को भी ऐसे कुत्सित और एक पक्षीय विचार सार्वजनिक रूप से व्यक्त करने का अधिकार नहीं होना चाहिए, जिससे समाज में किसी भी प्रकार विभेद कारी विचारधारा को प्रोत्साहन मिलता हो ।



## स्वागत में बसंत के

स्वागत में बसंत के प्रकृति ने की है मनोरम तैयारी,
आ गई ऋतुराज बसंत की आनंद खुशनुमा सवारी,
फिज़ाओं में घुली ख़ुशबू कुसुमों के पल्लव पराग की,
और खिल गई बागों में नूतन नन्ही कलियों की क्यारी ।
चहक रही है चिड़िया और पंछी कर रहे मधुरम गान,
झूम रही है लताएं खुशी से छेड़ सप्त स्वरों की तान,
बॉह खोल खड़ी हैं दिशाएं छटा बिखरी अनुराग की,
और खिले सुनहरे रंग में जगमग सारे खेत खलिहान ।

बह रही तन मन को आनंद देने वाली सुगंधित बयार,
तितलियॉ कर रही गुणगान और भंवरें कर रहे गुंजार,
संचार हुआ नवचेतना का घड़ी आई अवसाद त्याग की,
और फैला दशों दिशाओं से धरा पर अनन्य प्रेम अपार ।

बसंत के आने से स्पंदित हुआ जीवन ढेरों खुशियॉ छाई,
सूरज ने ऊर्जा भरी प्राणियों में सुनहरी किरणें मुस्कुराई,
श्वासों में बढ़ा सुख सुंदर व चमकी चेतना भू भाग की,
और मोह कर सभी को बसंत ने की अंतस में रोशनाई ।

**- मोनिका डागा आनंद, चेन्नई, तमिलनाडु**

**आज मध्यप्रदेश में केवल सड़कों का होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विश्वस्तरीय अधोसंरचना, उच्च गतिशीलता और भविष्य की सोच है। इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विदिशा और आसपास के क्षेत्रों में 4,400 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं लोकार्पित और शिलान्यास की गई हैं, जो साधारण निर्माण नहीं, बल्कि प्रदेश की आर्थिक धमनियों के आधुनिकीकरण का सुनियोजित प्रयास हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विजन इस तथ्य को स्पष्ट रूप से रेखांकित करता है कि मध्य प्रदेश अब अपनी 'लैंडलॉक्ड' भौगोलिक स्थिति को कमजोरी नहीं, बल्कि एक रणनीतिक अवसर के रूप में देख रहा है।**

# संभावनाओं के राजमार्ग में बदलती मध्यप्रदेश की सड़कें



-पवन वर्मा

एक समय था जब मध्यप्रदेश की पहचान धूल, गड्ढों और टूटी-फूटी सड़कों से होती थी। सड़कें विकास की वाहक नहीं, बल्कि प्रगति के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा मानी जाती थीं। उस दौर में न केवल भौतिक दूरी अधिक थी, बल्कि आर्थिक संभावनाएं भी सिमटी हुई थीं। उद्योग, निवेश और आधुनिक सोच तीनों ही खराब कनेक्टिविटी के कारण प्रदेश से दूरी बनाए रखते थे,लेकिन पिछले दो दशकों में मध्य प्रदेश ने इस अभिशाप से बाहर निकलने का कठिन परंतु निर्णायक सफर तय किया है। कच्चे रास्तों से पक्की सड़कों और संकरी गलियों से चौड़े राजमार्गों तक की यह यात्रा राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक संकल्प और दूरदर्शी नीति का परिणाम है। आज मध्यप्रदेश में केवल सड़कों का होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विश्वस्तरीय अधोसंरचना, उच्च गतिशीलता और भविष्य की सोच है। इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विदिशा और आसपास के क्षेत्रों में 4,400 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं लोकार्पित और शिलान्यास की गई हैं, जो साधारण निर्माण नहीं, बल्कि प्रदेश की आर्थिक धमनियों के आधुनिकीकरण का सुनियोजित प्रयास हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विजन इस तथ्य को स्पष्ट रूप से रेखांकित करता है कि मध्य प्रदेश अब अपनी 'लैंडलॉक्ड' भौगोलिक स्थिति को कमजोरी नहीं, बल्कि एक रणनीतिक अवसर के रूप में देख रहा है। उनका लक्ष्य प्रदेश को देश के भीतर एक सशक्त लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी हब के रूप में स्थापित करना है, जहाँ से उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम की आर्थिक धाराएं सहजता से प्रवाहित हो सकें। विदिशा, सागर, रायसेन, उज्जैन जैसे सामरिक और आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ने वाले 181 किलोमीटर लंबे ये राजमार्ग इसी दूरदृष्टि का मूर्त रूप हैं। वास्तव में किसी भी राज्य की प्रगति का आकलन केवल उसके बजट आकार या योजनाओं की संख्या से नहीं, बल्कि उसकी सड़कों की चौड़ाई, गुणवत्ता और नेटवर्क की विश्वसनीयता से किया जाता है। ये राजमार्ग केवल भौतिक दूरी को कम नहीं करते, बल्कि समय, लागत और असमानता, तीनों को घटाते हैं। बुंदेलखंड और मध्य भारत का वह भूगोल, जो वर्षों तक आधुनिक परिवहन के अभाव में अपनी आर्थिक क्षमता को साकार नहीं कर सका, अब एक नई ऊर्जा के साथ पुनर्जीवित हो रहा है। भोपाल-विदिशा-सागर जैसे मार्गों के चौड़ीकरण से केवल वाहनों की गति नहीं बढ़ी, बल्कि कृषि, लघु उद्योग, व्यापारिक गलियारों और सांस्कृतिक पर्यटन के समूचे पारिस्थितिकी तंत्र को भी गति मिली है। मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद डॉ. मोहन यादव ने जिस गंभीरता से अधोसंरचना को अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं में स्थान दिया, वह इस सच्चाई की स्वीकारोक्ति है कि मजबूत सड़कें ही मजबूत अर्थव्यवस्था की आधारशिला होती हैं। बिना भरोसेमंद कनेक्टिविटी के न तो बड़े निवेश को आकर्षित किया जा सकता है और न ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती दी जा सकती है। इस विकास मॉडल की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें मानवीय सुरक्षा और कौशल विकास को भी समान महत्व दिया गया है। अक्सर देखा जाता है कि बड़ी परियोजनाओं के शोर में सड़क सुरक्षा, प्रशिक्षण और मानवीय संवेदनाएं पीछे छूट जाती हैं किंतु विदिशा में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक सेंटर और अत्याधुनिक ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर की आधारशिला यह प्रमाणित करती है कि मोहन यादव सरकार का दृष्टिकोण समग्र और संतुलित है। सरकार केवल डामर और कंक्रीट नहीं बिछा रही, बल्कि एक अनुशासित, जिम्मेदार और सुरक्षित ड्राइविंग संस्कृति की नींव रख रही है। यह



प्रशासनिक परिपक्वता का ही परिचय है कि जहाँ एक ओर उच्च स्तरीय सड़कें बन रही हैं, वहीं उन्हें उपयोग करने वाला मानव संसाधन भी उतना ही प्रशिक्षित और संवेदनशील बनाया जा रहा है। इसका प्रत्यक्ष लाभ भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं में कमी के रूप में दिखेगा, वहीं अप्रत्यक्ष रूप से यह हजारों युवाओं के लिए परिवहन, लॉजिस्टिक्स और भारी वाहन संचालन के क्षेत्र में सम्मानजनक रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा। यह निवेश केवल इंफ्रास्ट्रक्चर में नहीं, बल्कि मानव जीवन और युवा भविष्य में किया गया निवेश है। आर्थिक दृष्टि से देखें तो ये राजमार्ग मध्य प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक निवेश मानचित्र पर एक अधिक प्रतिस्पर्धी राज्य के रूप में स्थापित करने की क्षमता रखते हैं। सागर वेस्टर्न बायपास जैसी ग्रीनफील्ड परियोजनाएं शहरी क्षेत्रों में यातायात के दबाव को कम करने के साथ-साथ माल परिवहन की लागत और समय में उल्लेखनीय कमी लाएंगी। इसका सीधा लाभ उद्योगों, व्यापारियों और अंततः उपभोक्ताओं तक पहुंचेगा। उद्योग जगत हमेशा उन्हीं क्षेत्रों को प्राथमिकता देता है, जहां लॉजिस्टिक्स सहज हो और परिवहन निर्बाध। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की नीतियां मध्य प्रदेश को 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के लिहाज से एक भरोसेमंद गंतव्य बनाने की दिशा में निर्णायक आधार तैयार कर रही हैं। इन सड़कों का प्रभाव कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी उतना ही गहरा है। कृषि प्रधान राज्य मध्य प्रदेश में किसान की समृद्धि सीधे उसकी बाजार तक पहुंच से जुड़ी होती है। देहगांव से लखनौनी जैसे मार्गों का सुदृढ़ीकरण उन किसानों के लिए संजीवनी है, जो अब तक परिवहन की लागत और समय के बोझ से जूझते रहे हैं। जब गांव की सड़क सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ती है, तो किसान को केवल रास्ता नहीं मिलता, बल्कि उचित मूल्य और सम्मानजनक बाजार भी मिलता है। मुख्यमंत्री का यह विश्वास कि कृषि की उन्नति अच्छी सड़कों से होकर जाती है, उनके ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध दृष्टिकोण को दर्शाता है। पर्यटन के क्षेत्र में भी यह सड़क नेटवर्क मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को नई पहचान देने वाला है। सांची, विदिशा, उज्जैन जैसे ऐतिहासिक केंद्र सुगम कनेक्टिविटी के साथ एक बड़े पर्यटन सर्किट के रूप में उभर सकते हैं। बेहतर सड़कें पर्यटकों की यात्रा को सुंदर और सुखद बनाती हैं और स्थानीय रोजगार, हस्तशिल्प व पारंपरिक उद्योगों को नई ऊर्जा देती हैं। इस समूचे परिदृश्य में केंद्र और राज्य सरकार के बीच सशक्त समन्वय भी उल्लेखनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यापक विजन और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की कार्यकुशलता को प्रदेश की ज़मीन पर प्रभावी रूप से उतारने का कार्य मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कर रहे हैं। यही 'डबल इंजन' का वास्तविक अर्थ है जहाँ नीति, संसाधन और क्रियान्वयन एक दिशा में अग्रसर हों। सड़कें केवल पत्थर, गिट्टी और डामर का ढांचा नहीं होतीं। वे किसी राज्य की गति, समाज की आकांक्षाओं और भविष्य के आत्मविश्वास का प्रतिबिंब होती हैं। विदिशा से निकलकर प्रदेश के दूरस्थ अंचलों तक फैलता यह राजमार्ग नेटवर्क मध्य प्रदेश के उस संकल्प का साक्ष्य है, जिसमें विकास का अंतिम उद्देश्य केवल आंकड़े नहीं, बल्कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में ठोस परिवर्तन लाना है। आज जब ये चौड़ी, सुरक्षित और आधुनिक सड़कें आकार ले रही हैं, तो स्पष्ट दिखता है कि मध्य प्रदेश केवल रास्ते नहीं बदल रहा वह अपना भविष्य गढ़ रहा है। ये सड़कें वास्तव में संभावनाओं के राजमार्ग हैं, जिन पर चलकर मध्य प्रदेश एक सुरक्षित, समृद्ध, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरे राज्य के रूप में आगे बढ़ रहा है।

-----------------------------

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ : देश के लिए योगदान की एक शताब्दी



हरिसिंह धनगर

**संघ का मूल दर्शन अत्यंत सरल है- व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण। यह विचार केवल नारा नहीं, बल्कि व्यवहार में उतारने की सतत प्रक्रिया रही है। संघ ने यह मानकर कार्य किया कि यदि व्यक्ति चरित्रवान, राष्ट्रनिष्ठ और सामाजिक रूप से संवेदनशील होगा,**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष केवल किसी संगठन की दीर्घायु का उत्सव नहीं है, बल्कि यह भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय जीवन में पिछले सौ वर्षों में हुए एक निरंतर प्रयोग और साधना का अवसर है। 1925 में प्रारंभ हुई यह यात्रा आज भी जारी है और अपने विशिष्ट कार्यपद्धति, अनुशासन और सेवा-भाव के कारण भारतीय समाज में एक अलग पहचान रखती है। संघ का मूल दर्शन अत्यंत सरल है- व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण। यह विचार केवल नारा नहीं, बल्कि व्यवहार में उतारने की सतत प्रक्रिया रही है। संघ ने यह मानकर कार्य किया कि यदि व्यक्ति चरित्रवान, राष्ट्रनिष्ठ और सामाजिक रूप से संवेदनशील होगा, तो समाज और राष्ट्र स्वतः सशक्त होंगे।

**व्यक्ति निर्माण की अनूठी पद्धति-** संघ का सबसे बड़ा और मौलिक योगदान उसकी शाखा प्रणाली है। शाखा केवल शारीरिक व्यायाम या दिनचर्या नहीं, बल्कि संस्कारों की प्रयोगशाला है। नियमित समयपालन, अनुशासन, सामूहिकता, बौद्धिक चर्चा और सेवा-भाव-इन सबका समन्वय शाखा में दिखाई देता है। लाखों स्वयंसेवकों ने इसी पद्धति से जीवन में अनुशासन, नेतृत्व और कर्तव्यबोध सीखा। शाखा ने ऐसे नागरिक तैयार किए जो केवल अपने अधिकारों की नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों की भी चिंता करते हैं। यही कारण है कि संघ से जुड़े स्वयंसेवक शिक्षा, प्रशासन, चिकित्सा, सेना, विज्ञान, समाजसेवा और उद्योग जैसे अनेक क्षेत्रों में राष्ट्र के लिए सक्रिय भूमिका निभाते हुए दिखाई देते हैं।

**राष्ट्रजागरण और राष्ट्रीय एकता-** संघ का एक महत्वपूर्ण योगदान है राष्ट्रबोध का निर्माण। भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में राष्ट्रीय एकता को बनाए रखना एक सतत चुनौती रही है। संघ ने जाति, भाषा, क्षेत्र और वर्ग से ऊपर उठकर राष्ट्र प्रथम की भावना को समाज में सुदृढ़ करने का प्रयास किया। संघ की दृष्टि में राष्ट्र केवल भौगोलिक सीमा नहीं, बल्कि साझा संस्कृति, इतिहास और जीवन-मूल्यों का समुच्चय है। इस दृष्टिकोण ने अनेक लोगों को भारत को केवल एक राज्य नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक इकाई के रूप में देखने की प्रेरणा दी।

**सेवा कार्य: निस्वार्थ राष्ट्रसेवा का उदाहरण-** संघ का सेवा कार्य उसका सबसे शांत, लेकिन सबसे प्रभावी योगदान माना जाता है।



प्राकृतिक आपदाओं-जैसे बाढ़, भूकंप, चक्रवात या महामारी-के समय स्वयंसेवकों की उपस्थिति अक्सर सबसे पहले देखने को मिलती है। बिना किसी प्रचार या पहचान की अपेक्षा के, भोजन, चिकित्सा, राहत और पुनर्वास के कार्य किए जाते हैं। सेवा भारती, वनवासी कल्याण आश्रम, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े अनेक सेवा संगठन समाज के वंचित वर्गों के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं, बल्कि समाज को आत्मनिर्भर बनाना है। संघ का यह दृष्टिकोण सेवा को दया नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में प्रस्तुत करता है।

**सामाजिक समरसता की दिशा में प्रयास-** भारतीय समाज की एक बड़ी चुनौती सामाजिक विभाजन रही है। संघ ने प्रारंभ से ही समरसता को अपने कार्य का मूल आधार बनाया। जाति, ऊँच-नीच और छुआछूत जैसी कुरीतियों के विरुद्ध सामाजिक चेतना जाग्रत करने का प्रयास किया गया। संघ का यह स्पष्ट मत रहा है कि समाज की शक्ति विभाजन में नहीं, बल्कि एकता में निहित है। सभी हिंदू एक हैं का विचार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का संदेश देता है। यह प्रयास समाज को संघर्ष की बजाय संवाद और सहयोग की दिशा में ले जाने का प्रयास है।

**शिक्षा, संस्कृति और जीवन-मूल्य-** संघ का एक महत्वपूर्ण योगदान भारतीय संस्कृति और जीवन-मूल्यों का संरक्षण और प्रसार है। आधुनिकता के साथ तालमेल बिठाते हुए भी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा संघ के कार्यों में स्पष्ट दिखाई देती है। योग, संस्कार, भाषा और परंपराओं के प्रति सम्मान को संघ ने शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से बढ़ावा दिया। संघ की दृष्टि में शिक्षा केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का माध्यम है। इसी कारण संघ से प्रेरित अनेक शैक्षिक प्रयास मूल्य-आधारित शिक्षा पर बल देते हैं।

**युवा शक्ति और राष्ट्र का भविष्य-** युवा वर्ग किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होता है। संघ ने युवाओं को अनुशासन, सेवा और राष्ट्रचिंतन से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया है। बदलते समय में तकनीक और वैश्वीकरण के प्रभावों के बीच युवाओं को सांस्कृतिक और नैतिक दिशा देना संघ के कार्यों की समसामयिक प्रासंगिकता को दर्शाता है।

**निष्कर्ष-** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का देश के लिए योगदान किसी एक क्षेत्र या कालखंड तक सीमित नहीं है। यह योगदान व्यक्ति निर्माण, सेवा, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक संरक्षण और राष्ट्रजागरण जैसे अनेक आयामों में फैला हुआ है। शताब्दी वर्ष इस बात का साक्षी है कि बिना सत्ता और बिना प्रचार के भी समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। संघ की यात्रा यह संदेश देती है कि जब व्यक्ति में संस्कार होते हैं, तब समाज सशक्त होता है और राष्ट्र दीर्घकाल तक सुदृढ़ बना रहता है। शताब्दी वर्ष केवल अतीत का स्मरण नहीं, बल्कि भविष्य के लिए दिशा निर्धारित करने का अवसर है-जहाँ सेवा, समर्पण और संगठन के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण की यात्रा निरंतर आगे बढ़ती रहे।

**पूर्व प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ
गंगा नगर देवास
9926280602**

## सार-समाचार

### ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत कार्यक्रम संपन्न

**अनोखा तीर, खंडवा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के समाजकार्य स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों की कार्यशाला में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत रविवार को श्री नीलकंठेश्वर महाविद्यालय खंडवा में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के विचारों पर स्वावलंबन, स्वैच्छिकता, पर्यावरण संरक्षण, सामुहिकता, नशामुक्त समाज पर विचार रखे। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए डॉ. अदिति शर्मा ने बताया कि शरीर की बीमारियों को पहचानें एवं दांतों की देखभाल एवं सुरक्षा कैसे करें। अभिनेष सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाओ एवं विदेशी चीजों का बहिष्कार करें। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जगदीश पटेल ने समाजकार्य के विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने क्षेत्र के स्कूलों, आंगनवाड़ी केन्द्रों पर एवं अभियान के अंतर्गत गांव के लोगों को जागरूक करने का प्रयास करें। कार्यक्रम में शामिल सभी विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान किया गया एवं अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन आशीष पटेल ने किया।



### मोतियाबिंद के 29 मरीजों को निःशुल्क सर्जरी के लिए इंदौर भेजा

**अनोखा तीर, खंडवा।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरसूद में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाकर मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया कि शिविर में 112 मरीजों की आंखों की जांच की गई। जांच में मोतियाबिंद सर्जरी के लिए चयनित 29 मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चौइथराम नेत्रालय इन्दौर भेज दिया गया है। मरीजों को आने जाने, रहने, खाने व अन्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।



### गणतंत्र दिवस पर भारत पर्व मनाया जाएगा

**अनोखा तीर, खंडवा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर हर वर्ष संध्याकाल में लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में संस्कृति विभाग एवं स्वराज संस्थान भोपाल के सौजन्य से राज्य स्तर के जाने माने कलाकारों के दल द्वारा सामूहिक नृत्य, सामूहिक गायन, आजादी के तराने जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष भी स्थानीय किशोर कुमार सभागृह में 26 जनवरी को शाम 7 बजे भारत पर्व कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जिला स्तरीय नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा को बनाया गया है। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी आयुक्त नगर निगम श्रीमती प्रियंका राजावत को सौंपी गई है। इस अवसर पर जिला जनसम्पर्क कार्यालय द्वारा विकास प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को इस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।




### हल्दी-कंकु कार्यक्रम में महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता



**अनोखा तीर, खरगोन।** गुरव समाज महिला मंडल खरगोन द्वारा दामखेड़ा नाग मंदिर परिसर में हल्दी-कंकु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने उमंग और उत्साह के साथ सहभागिता की तथा परंपरागत रूप से हल्दी-कंकु किया। इसके पश्चात महिलाओं ने सामूहिक रूप से भोजन प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में रश्मि सवनेर, रजनी गवले, मिनाक्षी जाधम, दीपा गवले, राजश्री सवनेर, प्रीति सवनेर, जयश्री सवनेर, राधिका जाधम सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

### ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत जसवाड़ी में कार्यशाला संपन्न

**अनोखा तीर, खंडवा।** ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत ग्राम जसवाड़ी में 19 जनवरी सोमवार को नवांकुर संस्था निक्की वेलफेयर सोशल सर्विस सोसाइटी एवं प्रस्फुटन समिति जसवाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में सामुदायिक कार्यशाला का आयोजन सामुदायिक भवन में किया गया। कार्यकम का उद्देश्य ग्राम विकास को सशक्त बनाना रहा।



समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कार्यशाला में ग्राम सरपंच संगीता जयराज सिंह मौर्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रोशनी मोर्य एवं बनारस दीदी की सक्रिय सहभागिता रही। संस्था सदस्य रोशनी झा ने बच्चों के संतुलित पोषण आहार, स्वच्छता, सामुदायिक साफ-सफाई एवं स्वस्थ आदतों की जानकारी दी तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में पोषण और स्वच्छता की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पशु चिकित्सा विभाग के प्रदीप गोलकर ने पशुओं के स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण, रोगों से बचाव, पशु पोषण एवं पशुपालकों के लिए संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पशुपालन को लाभकारी बनाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने पर जोर दिया। कार्यशाला में नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समिति जसवाड़ी के सदस्यगण सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# विकास के नाम पर विनाश की तैयारी ?

## सड़क चौड़ीकरण में बाधक बनेगा नाली निर्माण, भविष्य के फोरलेन पर मंडराया संकट

**अनोखा तीर, भैरुंदा।** नगर के विकास की जीवनरेखा कही जाने वाली भैरुंदा-भोपाल सड़क मार्ग इन दिनों मनमानी और विभागीय हठधर्मिता के कारण चर्चाओं में है। ब्रह्मदेव की पुलिया से आगे जिस गति से नाली का निर्माण किया जा रहा है। वह भविष्य के विकास की संभावनाओं को पूरी तरह समाप्त करता नजर आ रहा है। 52 फीट की पर्याप्त जगह उपलब्ध होने के बावजूद सड़क के बिल्कुल समीप मात्र 1 से डेढ़ मीटर की दूरी पर नाली का निर्माण किया जाना शहरवासियों के लिए गले की हड्डी बन गया है। उल्लेखनीय हैं कि भैरुंदा से बुधनी तक (47) किलोमीटर टू-लेन सड़क का निर्माण शेपर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा किया जा रहा है। पिछले दिनों विदिशा में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा किसी सड़क को फोर लाइन के रूप में परिवर्तित करने की घोषणा की जा चुकी है। इसके लिए उन्होंने 1000 करोड रुपए की राशि को मंजूरी देते हुए अधिकारियों को डीपीआर बनाने की भी निर्देश दिए हैं। फोरलाइन सड़क निर्माण की घोषणा होने के बावजूद भी अभी भी यहां पर सड़क के समीप बने जा रही नाली के निर्माण को रोक नहीं गया है। वैसे भी यदि तकनीकी और व्यावहारिक दृष्टि से देखा जाए तो जहां 52 फीट की सरकारी भूमि उपलब्ध है वहां नाली का निर्माण सड़क से अधिकतम दूरी पर होना चाहिए ताकि भविष्य में सड़क चौड़ीकरण के लिए पर्याप्त स्थान मिल सके। लेकिन भैरुंदा में स्थिति उलट है। सड़क से महज 1 से डेढ़ मीटर की दूरी पर नाली बनाई जा रही है जो सीधे तौर पर सड़क चौड़ीकरण की संभावनाओं को क्षीण कर रही है।

**अतिक्रमण को मिलेगा बल, भविष्य का संकट गहराया :** शहर के जागरूक नागरिकों और राला क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार के निर्माण से भविष्य में अतिक्रमणकारियों को बढ़ावा मिलेगा। नाली और निजी जमीनों के बीच जो खाली जगह छूटेगी उस पर अवैध कब्जों की बाढ़ आ जाएगी। इससे न केवल यातायात बाधित होगा बल्कि भविष्य में जब कभी सड़क को फोरलेन करने की आवश्यकता होगी तब प्रशासन को अपनी ही भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए भारी विरोध का सामना करना पड़ेगा। जिस तरह से यहां पर नाली का निर्माण किया जा रहा है उसे देखकर कहा जा सकता है कि आने वाले कुछ दिनों में ही यहां अतिक्रमण का नजारा देखने को मिलेगा।



**नंदगांव बाईपास तक फोरलेन की मांग, फिर भी नाली निर्माण पर कोई आपत्ति नहीं :** नगरवासी लंबे समय से ब्रह्मदेव की पुलिया से लेकर नंदगांव बाईपास तक इस मार्ग को फोरलेन बनाने की मांग कर रहे हैं। क्योंकि यह मार्ग भोपाल और बुधनी को जोड़ने वाला मुख्य व्यावसायिक मार्ग है। पिछले दिनों केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मांग पर इस क्षेत्र के विकास को लेकर सकारात्मक संकेत दिए थे। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि यदि राज्य सरकार भूमि उपलब्ध कराती है तो केंद्र सरकार वन टाइम सेटलमेंट के तहत शानदार सड़क निर्माण को अपनी स्वीकृति प्रदान करेगी। अब सवाल यह उठता हैं कि जब देश के शीर्ष नेतृत्व की मंशा विकास को लेकर इतनी स्पष्ट है तो स्थानीय स्तर पर निर्माण कंपनी और अधिकारी इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की नींव क्यों कमजोर कर रहे हैं?

### सड़क निर्माण कर रहे कंपनी का तर्क- हमारे पास केवल 10 मीटर की अनुमति

जब इस विसंगति को लेकर निर्माण कंपनी शेपर्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर कमल सिंह से बात की गई तो उनका कहना है कि उनके पास केवल 10 मीटर सड़क निर्माण की ही अनुमति है और वह उसी आधार पर नाली का निर्माण कर रहे हैं। यहाँ सवाल यह उठता है कि क्या निर्माण कंपनी केवल अपनी सुविधानुसार कार्य कर रही है? क्या भविष्य की जरूरतों और सरकारी जमीन की उपलब्धता को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है?

### प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि आज यह नाली बन जाती है और कल सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू होता है, तो क्या इस पक्की नाली को फिर से तोड़ा जाएगा? क्या यह सरकारी धन का सीधा दुरुपयोग नहीं है? राला के ग्रामीणों और शहर के प्रबुद्ध जनों ने कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इस गंभीर विषय से अवगत कराया है। लेकिन निर्माण कार्य पर ब्रेक लगाने की जहमत किसी ने नहीं उठाई। ऐसा प्रतीत होता है कि शहर के इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य पर न तो स्थानीय प्रशासन की नजर है और न ही जनप्रतिनिधियों का ध्यान।

### विकास की गति में इतिश्री का खेल, कौन है शहर की देखरेख करने वाला

सड़क निर्माण कंपनी द्वारा जिस तेज गति से नाली का निर्माण पूरा किया जा रहा है। वह विकास की गति नहीं बल्कि अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की इतिश्री जैसा है। जानकारों का मानना है कि यदि नाली 52 फीट के दायरे के अंतिम छोर पर बनाई जाती तो सड़क की चौड़ाई स्वत: ही बढ़ जाती और शहर को आने वाले कई दशकों तक जाम और संकरे रास्तों से मुक्ति मिल जाती।

### नर्मदापुरम में मातृशक्ति ने उत्साह से मनाई मकर संक्रांति

**अनोखा तीर, खंडवा।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नर्मदापुरम एवं जगदंबा पुरम की मातृशक्तियों द्वारा हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में कॉलोनी की महिलाओं ने सामूहिक रूप से एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम किया तथा सुहाग सामग्री का वितरण किया। इस दौरान भजन, कीर्तन, नृत्य एवं रोचक खेलों का आयोजन भी हुआ। मंडल की योगेश्वरी पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष रूप से बुजुर्ग मातृशक्तियों का सम्मान किया गया तथा मातारानी से अखंड सुहाग की मंगल कामना की गई। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि यह आयोजन जगदंबा माता मंदिर के पंडित राजेश चौरे के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में योगेश्वरी पटेल, सरिता विश्वकर्मा, जयश्री तिवारी, रेशम सामडिया, छाया यादव, राधा पाल, निशा झोपे, विद्यावती गौर, मंदा खनवे, वर्षा चौरे, तारा मौर्य, गायत्री मुकाती, शैलबाला श्रीवास्तव, केसर राऊत, सरस्वती मालवे, सीमा सेन सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां उपस्थित रहीं।





## नर्मदा तट और सुंदरधाम आश्रम में नर्मदा जयंती महोत्सव की हुई शुरुवात

**अनोखा तीर, बड़वाह।** नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर नावघाट खेड़ी स्थित श्री सुंदरधाम डेहरिया आश्रम में धर्म और आस्था का संगम देखने को मिल रहा है। यहां सोमवार से सात दिवसीय नर्मदा जयंती महोत्सव का भव्य शुभारंभ हो चुका है। इस वर्ष एक ओर जहां सुंदरधाम आश्रम में पहली बार भव्य स्तर पर आयोजन हो रहा है,वहीं दूसरी ओर नर्मदा तट पर माँ मेकल सेवा संस्था द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा को निभाते हुए महोत्सव की शुरुआत की गई है। ब्रह्मलीन सद्गुरु श्री सुंदरदास महाराज की प्रेरणा से सुंदरधाम आश्रम में महोत्सव के पहले दिन माँ नर्मदा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 बालकदास महाराज और श्री 108 नारायणदास महाराज की अगुवाई में यह यात्रा आश्रम से शुरू होकर नर्मदा तट तक पहुंची। इस दौरान पालकी में माँ नर्मदा जी की प्रतिमा को विराजमान किया गया था। जिसके आगे सिर पर कलश धारण कर मातृशक्तियां चल रही थीं। वहीं बैंड-बाजों की धुन पर श्रद्धालु थिरकते नजर आए। नर्मदा तट पर विशेष रूप से बनाए गए एक भव्य अस्थायी मंदिर में माँ रेवा की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद विधि-विधान से पूजन और हरसिद्धि मंदिर उज्जैन के पंडित रमेशचंद व जगदीश चंद द्विवेदी के आचार्यत्व में यज्ञ और आहुतियों का दौर शुरू हुआ।उल्लेखनीय है कि नावघाट खेडी स्थित मां नर्मदा जी के उत्तरीय तट पर वेदी पाठी पंडितों द्वारा मां नर्मदा जी का दुग्ध अभिषेक कर अखंड दीप प्रज्वलित किया गया। जिसके बाद नर्मदा अष्टक कर मा नर्मदा जयंती महोत्सव का आगाज हुआ।



### किशोर सभागृह में ताजमहल का टेंडर नाटक का प्रभावी मंचन



**अनोखा तीर, खंडवा।** बड़े शहरों की तर्ज पर खंडवा के किशोर कुमार सभागृह में नट निमाड़ कला समूह द्वारा ताजमहल का टेंडर नाटक का दो दिवसीय निःशुल्क मंचन किया गया। वर्तमान परिस्थितियों पर कटाक्ष करती हास्यपूर्ण प्रस्तुति को दर्शकों ने सराहा। लायन्स क्लब खंडवा द्वारा नट निमाड़ कला समूह के नाट्य कलाकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

# नगर वन नहीं, 'घोटाला वन'

*खरगोन में नगर वन नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का घना जंगल उग आया है। हरियाली के नाम पर 10.77 करोड़ रुपए ऐसे उड़ाए गए जैसे सरकारी खजाना किसी की जागीर हो। जो ज़मीन पहले से हरी-भरी थी, उसे कागज़ों में बंजर बताकर योजनाओं की फसल काट ली गई। फेंसिंग से लेकर कुएं, पौधारोपण से लेकर सुरक्षा तक-हर काम में घोटाले की बदबू साफ़ महसूस होती है। इंडस्ट्रियल एरिया की धूल, डंपरों का शोर और अफसरों की खामोशी इस 'नगर वन' को आरामगाह नहीं, लूटगाह साबित कर रही है। सवाल सिर्फ़ पैसे का नहीं, सिस्टम की सड़ी जड़ों का है।*

**अनोखा तीर, खरगोन।**

नगर वन योजना के नाम पर खरगोन वन परिक्षेत्र में शासकीय धनराशि की खुली बंदरबांट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कक्ष क्रमांक 1200, रकबा 27 हेक्टेयर क्षेत्र, जो पहले से ही सफल वृक्षारोपण वाला था, उसे कागज़ों में बंजर बताकर 10,77,30,000 की योजना स्वीकृत कर ली गई।

**पुरानी फेंसिंग निगली, नई दिखा दी! :** 2018-19 व 2019-20 में 880 सीमेंट पोल और चेनलिंक फेंसिंग से सुरक्षित इस क्षेत्र में नगर वन योजना के तहत फिर से फेंसिंग दर्शाई गई। पुराने पोल और जाली की राशि सीधे डकार ली गई, ज़मीन पर कुछ नया नहीं।

### ● खरगोन में 10.77 करोड़ की हरियाली योजना में खुला भ्रष्टाचार का जंगल

### गलत स्थान चयन : इंडस्ट्रियल एरिया में 'नगर वन'!




सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि नगर वन का निर्माण इंडस्ट्रियल एरिया में किया गया, जहां चारों ओर स्टोन क्रेशर, गिट्टी मशीनें और भारी डंपरों की आवाज़ हर समय गूंजती रहती है। वातावरण में लगातार धूल उड़ती रहती है। यह स्थल शहर से बाहर देवली रोड की ओर है, जहां आम नागरिकों की आवाजाही नगण्य है। ऐसे स्थान पर नगर वन बनाकर करोड़ों रुपए खर्च करना न सिर्फ़ अव्यवहारिक है, बल्कि सरकारी धन का खुला दुरुपयोग भी है। सवाल यह है कि शोर, धूल और सन्नाटे के बीच आखिर कौन सुकून और प्रकृति का आनंद लेने जाएगा?

**स्थानीय सामग्री होते हुए बाहर से 'दुगने दामों' में खरीद! :** रेत, गिट्टी, सीमेंट, सरिया और ईंट जैसी सामग्री स्थानीय स्तर पर

### ● हरे-भरे जंगल को कागज़ों में बंजर बताकर करोड़ों की खुली लूट

उपलब्ध होने के बावजूद बड़वानी, हरदा और मंदसौर से दुगने भाव में खरीदी गई। न निविदा, न विज्ञप्ति, न तुलनात्मक पत्रक – पोर्टल के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई।

**कुआं कम, 'कुंड' ज्यादा – ब्लास्टिंग से खुदाई! :** प्राक्कलन में दर्शाए गए कुआं निर्माण में मिट्टी खुदाई के नाम पर ब्लास्टिंग कर दी गई। निरीक्षण में कुआं कम और बड़ा कुंड अधिक नजर आता है, गुणवत्ता शून्य। पानी होते हुए पौधे सूखे, 75 प्रतिशत क्षेत्र आग में खाक! नक्षत्र गार्डन में लगाए गए पौधे पानी की कमी से सूख गए, जबकि कुआं, टंकी, पाइपलाइन और मोटर पंप मौजूद हैं। अग्नि सुरक्षा कार्य न होने से 75 प्रतिशत रोपण क्षेत्र जल चुका, फिर भी कोई जवाबदेही तय नहीं।

**4 किमी के दायरे में अफसरों के बंगले, फिर भी 'अंधी निगरानी'! :** वन मंडल अधिकारी, उपवन मंडल अधिकारी और वन परिक्षेत्र अधिकारी के कार्यालय व आवास महज़ 4 किमी दूर होने के बावजूद नगर वन वाटिका को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया।

**शिकायत की तो 'जांच' में ही कर दी लीपापोती! :** 2024 में की गई शिकायत की जांच उपवन मंडल अधिकारी बिस्टान ने खुद ही प्रमाणों पर हस्ताक्षर कर की और कार्यरत कर्मचारियों के बयान लेकर शिकायत नस्तीबद्ध कर दी।

**निष्पक्ष जांच पर बड़ा सवाल। सब मिले हुए, सब दोषी! :** वनकर्मी से लेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी, उपवन मंडल अधिकारी और वन मंडल स्तर तक सभी की भूमिका संदेह के घेरे में। यदि विस्तृत जांच हुई तो कई और चौंकाने वाले खुलासे तय।

### मकर संक्रांति पर हल्दी-कुमकुम समारोह आज

**अनोखा तीर, खंडवा।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नगर निगम खंडवा की महापौर अमृता अमर यादव के नेतृत्व में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महिलाओं के लिए हल्दी-कुमकुम समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम आज 20 जनवरी मंगलवार को दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक तापड़िया गार्डन में संपन्न होगा। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि मकर संक्रांति हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है, जो सूर्य के मकर राशि में प्रवेश पर मनाया जाता है। यह पर्व नई फसल के आगमन और शीत ऋतु की समाप्ति का प्रतीक माना जाता है। इसी अवसर पर आयोजित समारोह में तिल-गुड़, रेवड़ी की परंपरा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, मनोरंजक खेल, भेंट-उपहार एवं स्नेहभोज का आयोजन किया जाएगा। महापौर अमृता अमर यादव ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी सौहार्द, सहभागिता और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने नगर की समस्त महिलाओं से इस पारंपरिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता करने का अनुरोध किया है।

# 12 करोड़ की मरम्मत, फिर भी सड़क जर्जर भ्रष्टाचार की खुली सड़क !

## ● घटिया काम की विधायक सचिन बिरला ने मानी सच्चाई, अब जांच के वादे ● ठेकेदार का भुगतान बाकी, फिर भी आंख मूंदे बैठे रहे अधिकारी

**अनोखा तीर, खरगोन।**

सनावद-खरगोन मार्ग अब सिर्फ जर्जर सड़क नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार, मिलीभगत और लापरवाही की खुली फाइल बन चुका है। मरम्मत के नाम पर खर्च किए गए 12 करोड़ रुपए के बावजूद सड़क बदहाल है और अब इस पर विधायक सचिन बिरला ने खुद बड़ा बयान देकर पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है।

विधायक ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि सड़क मरम्मत में ठेकेदार ने गुणवत्ताविहीन कार्य किया है और उन्होंने पूरे मामले की जांच करवाने की बात कही है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जानकारी के अनुसार अभी तक ठेकेदार का अंतिम भुगतान बाकी है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब भुगतान रोका जा सकता था, तब अधिकारियों ने समय रहते सड़क का निरीक्षण क्यों नहीं किया? क्यों गुणवत्ता की जांच सिर्फ कागजों में सिमटकर रह गई? स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि ठेकेदार ने इस सड़क मरम्मत में अधिकारियों और कुछ जनप्रतिनिधियों को भारी कमीशन दिया। इसी वजह से न तो सोल्डर भरे गए, न साइड पटरी बनाई गई और न ही सड़क को समतल किया गया। घटिया डामर, अधूरी रोलिंग और दिखावटी काम को आंख मूंदकर पास कर दिया गया।



● मेंटेनेंस के नाम पर बंदरबाट, सड़क पर नहीं दिखे करोड़ों

गोगांवा और अहीरखेड़ा के बीच हालत सबसे ज्यादा खराब है। यहां रोजाना 10 हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं, लेकिन हर वाहन चालक जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर है। बाइक सवार फिसल रहे हैं, चारपहिया वाहन उछल रहे हैं और हादसों का खतरा हर पल मंडरा रहा है। इसका खामियाजा न ठेकेदार उठा रहा है, न अधिकारी-बल्कि क्षेत्र के रहवासी और राहगीर भुगत रहे हैं। यह भी कड़वा सच है कि यह सड़क पहले भी घटिया निर्माण के चलते जल्दी जर्जर हो गई थी, जिसकी शिकायत विधायक स्तर तक पहुंची। शिकायत के बाद शासन से करोड़ों की राशि मिली, टेंडर हुआ, लेकिन भ्रष्टाचार की वही पुरानी कहानी दोहराई गई। अब सवाल सीधे-सीधे सिस्टम पर हैं जब विधायक खुद घटिया काम की बात मान रहे हैं, तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई कब होगी? कमीशनखोरी की जांच कौन करेगा? ठेकेदार का भुगतान रोका जाएगा या फिर फिर से खेल हो जाएगा सनावद खरगोन मार्ग आज विकास नहीं, बल्कि भ्रष्ट तंत्र की बदहाल तस्वीर बन चुका है जहां सड़क नहीं सुधरी, लेकिन जेबें जरूर भर गईं।

### नपाध्यक्ष, सीएमओ और विधायक प्रतिनिधि ने मोटर बोट से किया घाटों का निरीक्षण

# मां नर्मदा प्रकोटत्सव पर डिजिटल आतिशबाजी और लेजर शो रहेगा आकर्षण का केंद्र



अनोखा तीर, नर्मदापुरम।

मां नर्मदा प्रकोटत्सव एवं नगर गौरव दिवस को लेकर नगर में तैयारियां तेज हो गई हैं। इस वर्ष श्रद्धालुओं और नगरवासियों के लिए विशेष आकर्षण डिजिटल आतिशबाजी और भव्य लेजर लाइट शो रहेगा। आयोजन को भव्य और यादगार बनाने के लिए नगरपालिका परिषद द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया है, जो सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। इसी क्रम में आज नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के साथ विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, भाजपा नेता हंसराय आदि ने मोटरबोट से घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घाटों की पुताई, सजावट और साफ-सफाई कार्यों की स्थिति का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। नगरपालिका से गौरव वर्मा ने बताया कि नपाध्यक्ष श्रीमती यादव एवं सीएमओ श्रीमती पटले के मार्गदर्शन में मां नर्मदा प्रकोटत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस बार पारंपरिक आतिशबाजी के स्थान पर डिजिटल तकनीक से आतिशबाजी की जाएगी, जिससे पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे और श्रद्धालुओं को एक नया व आकर्षक अनुभव मिल सके। इसके साथ ही लेजर लाइट शो भी आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेगा। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि मां नर्मदा प्रकोटत्सव और नगर गौरव दिवस को भव्य रूप देने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे घाटों पर स्वच्छता बनाए रखें, किसी भी प्रकार की गंदगी न फैलाएं और इस पावन आयोजन को सफल बनाने में नगरपालिका का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा प्रकोटत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि नगर की आस्था और गौरव से जुड़ा पर्व है, जिसे सभी के सहयोग से और भी भव्य व यादगार बनाया जाएगा।

## देवास में नर्मदापुरम का परचम

### 5वीं भारत रत्न नेशनल कराटे चैंपियनशिप में आरवी सराठे ने जीता गोल्ड

अनोखा तीर, नर्मदापुरम। देवास में आयोजित 5वीं भारत रत्न नेशनल कराटे चैंपियनशिप में नर्मदापुरम जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ी आरवी सराठे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सब-जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। प्रतियोगिता के दौरान आरवी सराठे पिता आशुतोष




सराठे ने कड़े मुकाबलों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित करते हुए उत्कृष्ट तकनीक, फुर्ती और आत्मविश्वास का परिचय दिया। उनकी इस सफलता के पीछे कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास की अहम भूमिका रही। आरवी की इस उपलब्धि में उनके कोच रवि साहू का विशेष योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन और प्रशिक्षण में आरवी ने लगातार अपने खेल को निखारा और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने में सफलता हासिल की। गोल्ड मेडल जीतने पर आरवी को परिवारजनों, कोच, खेल प्रेमियों एवं शुभचिंतकों की ओर से बधाइयों का तांता लगा हुआ है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आरवी की यह उपलब्धि नर्मदापुरम जिले के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। आरवी सराठे की इस ऐतिहासिक सफलता ने नर्मदापुरम जिले को खेल जगत में एक नई पहचान दिलाई है।

## सार-समाचार

### आंवली घाट में होगा भक्त मिलन समारोह

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** मां नर्मदा तट आंवली घाट पर भक्ति मिलन समारोह का आयोजन 21 जनवरी को किया जा रहा है। महंत स्वामी श्रीश्री अनंत बन महाराज ने बताया कि संगीतमय अखंड रामायण, रुद्राभिषेक, भजन संध्या, हवन एवं भंडारा मां नर्मदा शिव शक्ति आश्रम दक्षिण तट आंवली घाट पर किया जा रहा है। जिसमें महंत स्वामी श्रीश्री अनिरुद्ध बना महाराज एवं दादा गुरुजी महं प्रेम गिरी अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पंच जूना अखाड़ा, माया देवी हरिद्वार, उत्तराखंड भी पधार रहे हैं। भक्ति मिलन समारोह मां रेवा शिव शक्ति आश्रम घाट पर किया जा रहा है।

### प्रतिबंध के बावजूद बिक रहा चायनीज मांझा, प्रशासन पर उठे सवाल

**बुधनी में चायनीज मांझे का कहर, बाइक सवार युवक का गला कटा**

**अनोखा तीर, बुधनी।** शहर में चायनीज मांझे का कहर एक बार फिर सामने आया है। ड्यूटी पर जा रहे एक बाइक सवार युवक का पतंग के चायनीज मांझे से गला कट गया। यह दर्दनाक हादसा बुधनी के माना क्षेत्र स्थित नयन गार्डन के पास हुआ, जहां सड़क पर फैला मांझे युवक के गले में फंस गया। घायल युवक की पहचान 43 वर्षीय सुखदेव वर्मा पिता हीरालाल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सुखदेव वर्मा अपने एक साथी के साथ बाइक से कंपनी की ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक सड़क पर पड़े चायनीज मांझे की चपेट में आने से उनका गला बुरी तरह कट गया। घायल युवक ने बताया कि उसने हेलमेट पहन रखा था, लेकिन हेलमेट की नीचे लगी बद्दी पूरी तरह कट गई, जिससे मांझा सीधे गले में लगा और तेज़ी से खून बहने लगा। कुछ ही पलों में युवक की हालत गंभीर हो गई।

**समय पर इलाज से बची जान :** हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को निजी मधुबन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार समय रहते अस्पताल पहुंचने के कारण युवक की जान बच सकी। फिलहाल उसकी हालत गंभीर लेकिन नियंत्रण में बताई जा रही है।

**प्रशासन पर सवाल, प्रतिबंध के बावजूद बिक रहा मांजा :** घटना ने एक बार फिर चायनीज मांझे के खतरों को उजागर कर दिया है। प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम बिक रहा चायनीज मांझा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए जान का खतरा बनता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और नियमित चेकिंग की मांग की है।

### जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालय पिट्टू प्रतियोगिता के लिए बैठक आयोजित

**प्राचार्य ने विभिन्न समितियों का गठन किया**

**अनोखा तीर, माखन नगर।** मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग खेल कैलेंडर सत्र 2025-26 अनुसार एवं जिला अग्रणी होम साइंस महाविद्यालय नर्मदापुरम के वार्षिक खेलकूद बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार श्री माखन लाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर को जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालय पिट्टू महिला-पुरुष प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व मिला था। जिसके तहत 22 एवं 23 जनवरी2026 को यह प्रतियोगिताएं महाविद्यालय खेल प्रांगण में आयोजित की जा रही है। महाविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि 22 जनवरी को नर्मदापुरम और हरदा जिले के विभिन्न शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय की पुरुष टीम इसमें सहभागिता करेगी, तत्पश्चात द्वितीय दिवस 23 जनवरी को नर्मदापुरम एवं हरदा जिले की समस्त महाविद्यालयों की महिला पिट्टू टीमें सहभागिता करेंगी। सोमवार को आयोजित बैठक में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नीता चौबे व क्रीड़ा प्रभारी डॉ. आईएस कनेश ने बैठक के दौरान साज-सज्जा,



पंजीयन एवं बैठक व्यवस्था समिति, प्रमाण पत्र लेखन समीति, मंच संचालन, खेल मैदान निर्माण व रखरखाव, प्रोटेस्ट समिति पत्र लेखन व आय व्यय समिति एवं फोटोग्राफ्स व न्यूज़ लेखन समीति और अन्य समितियों का गठन किया। साथ ही प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए सभी को निर्देश दिए। बैठक में प्रोफेसर डीएस खत्री, अजय मेहरा, डॉ. आईएस कनेश, डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान, डॉ. मनीष शर्मा, पंकज बेरवा, डॉ. संगीता मिश्रा, डॉ. छमा मेहरा, डॉ. कविता दुबे, डॉ. आकांक्षा यादव, सुश्री शिवानी मालवीय, डॉ. सुमन अवस्थी, श्रीमती संध्या गोलियां, अमित ठाकुर, अशोक पाटिल, जितेंद्र अहिरवार, अशोक मेहर, योगेश राजपूत सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## चोरी के उद्देश्य से घर में घुसते चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद

**पुलिस से उचित कार्यवाही करने की मांग**

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** नगर के रामप्रसाद वार्ड में चोरों ने बीती रविवार रात कई घरों में चोरी



करने का प्रयास किया। यह घटना रात दो से तीन बजे के बीच के लगभग की है। चोरी करने के उद्देश्य से चोर घर में घुसते सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं, जिनके फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। वायरल सीसीटीवी वीडियो में तीन-चार चोर जिनमें से एक चोर के हाथ में टार्च और एक के हाथ में झोला रखा हुआ है। यह सुनसान सड़क पर चलते हुए एक घर का गेट खोलकर उसके अंदर घुसे और दूसरे घर में दीवार कूदकर घर के अंदर घुसे और चोरी का प्रयास किया। परंतु वह किसी भी घर में बड़ी चोरी करने में सफल नहीं हो सके। घटना की जानकारी लगते ही पूरे नगर में भय का माहौल बना हुआ है।

मामले को लेकर वार्ड वासियों द्वारा पुलिस थाने में आवेदन देकर चोरों को पड़कर उन पर कार्रवाई करने की मांग की गई है। गौरतलब कि पिछले दिनों नगर के पलाश परिसर कॉलोनी में भी चोरों ने एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया था। नगर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए नगर में भय का माहौल बना हुआ है। नागरिकों ने पुलिस से नगरीय क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

## बस चालक और परिचालक पर नशे में अभद्रता करने का यात्रियों ने लगाया आरोप

**यात्रियों के हंगामे के बाद स्थानीय लोगों ने बस को पहुंचाया चौकी**

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** ब्लॉक के ग्राम शोभापुर में पिपरिया से नर्मदापुरम जा रही शिवहरे बस क्रं एमपी 04 पीए 2120 के चालक के ऊपर रविवार रात यात्रियों ने नशे में गाड़ी चलाने के साथ पिपरिया के एक यात्री के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। यात्रियों ने बताया कि बस चालक नशे में था और जब बस में बैठे यात्रियों द्वारा हस्तक्षेप किया तो चालक और परिचालक यात्रियों के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना से गुस्साए यात्रियों ने किसी तरह शोभापुर रामलीला मैदान में बस खड़ी करवा कर उस पर तोड़ फोड़ कर डाली। यात्रियों की माने तो ड्राइवर यात्रियों की जान जोखिम में डालने का काम कर रहा था। जिससे यात्रियों ने बस खड़ी करने को लेकर बात की जिसके बाद ये स्थितियां निर्मित हुई। बस खड़ी करने के बाद चालक और कंडक्टर दोनों मौके से फरार हो गए। इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल निर्मित होते देख



स्थानीय लोगों ने बस को शोभापुर चौकी ले जाकर खड़ा कर दिया। बताया जा रहा है कि बस को रामलीला मैदान से चौकी तक पत्रकार दिनेश पुरबिया चला कर ले गए। यात्रियों ने इसकी शिकायत पुलिस चौकी में की। थाना प्रभारी उषा मरावी ने बताया कि चालक का मेडिकल करवाया गया है, जिसमें वो नशे में नहीं होना पाया गया है। वहीं यात्रियों को बुलवाया गया है उनके कथन लेने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## सोहागपुर विस क्षेत्र को 4 हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**विधायक विजयपाल सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी**

अनोखा तीर, नर्मदापुरम।

सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में क्षेत्र के विकास को लेकर बड़ी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नर्मदापुरम प्रवास के दौरान सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए लगभग 4 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों को स्वीकृति मिल चुकी है। इससे क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा और आवागमन, शिक्षा तथा खेल सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। विधायक विजयपाल सिंह ने बताया कि करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से साइलो पिचिंग (जलभराव और कटाव रोकने के कार्य) कराई जाएगी। इससे तवा किनारे बसे गांवों को बरसात के मौसम में होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि सेमराहेड़ा और शोभापुर में दो नवीन सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को भी स्वीकृति मिल चुकी है, जिनका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधा मिल सकेगी। विधायक ने जानकारी दी कि लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत नर्मदापुरम से पिपरिया मार्ग को फोरलेन किए जाने की स्वीकृति मिल चुकी है। इस सड़क के फोरलेन बनने से यातायात सुगम होगा और क्षेत्र के औद्योगिक व पर्यटन विकास को भी गति मिलेगी। इसके साथ ही ग्राम मरौड़ा से राजूंद (माखननगर) मार्ग पर तवा नदी पर पुल निर्माण के लिए लगभग 125 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। इस पुल के बनने से अनेक गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और किसानों को मंडी आने-जाने में करीब 40 किमी. की दूरी कम करनी



पड़ेगी। विधायक विजयपाल सिंह ने बताया कि माखननगर में करीब 7 करोड़ रुपए की लागत से एक स्टेडियम निर्माण को भी स्वीकृति मिली है, जिससे क्षेत्र के युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर मंच मिलेगा। उन्होंने कहा कि सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की यह श्रृंखला आने वाले समय में क्षेत्र की तस्वीर बदल देगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार द्वारा लगातार क्षेत्र के समग्र विकास पर ध्यान दिया जा रहा है और सभी स्वीकृत कार्यों को जल्द ही धरातल पर उतारा जाएगा।

## ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रालियों व चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग

**युवक कांग्रेस ने एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन**

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** युवक कांग्रेस ने अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) को ओवर लोड ट्रैक्टर-ट्राली एवं क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ट्रालियों के पीछे रेडियम की अनिवार्यता करने जिससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके एवं शहर को बढ़ती चोरियों पर पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग भी की गई। युवक कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष ऋषभ दीक्षित ने बताया शनिवार रात तीन नाबालिग स्कूली छात्रों की ओवरलोड ट्राली से टकराने पर दुखद मृत्यु हो गई थी। क्षेत्र में हजारों ओवर लोड बिना रेडियम पट्टी की ट्रैक्टर-ट्रालियां दौड़ रही हैं जोकि रात में पीछे से आसानी से नज़र नहीं आती। ऐसे ओवर लोड वाहनो पर रोक लगाई जाए



और ट्रालियों के पीछे रेडियम या टेल लाइट की अनिवार्यता की जाए। युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव अर्पित तिवारी ने बताया कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता द्वारा भी ट्रालियों के पीछे रेडियम लगाने का काम करेंगे एवं ट्रैक्टर-ट्राली मालिकों को रेडियम लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा युवक कांग्रेस ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की भी मांग अधिकारियों से की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटना को असामायिकतों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। ज्ञापन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर सिंह ठाकुर, मंजेश पटेल, अर्पित तिवारी, ऋषभ दीक्षित, आजाद सिंह पटेल सरपंच, नितिन चौरसिया, प्रतीक तिवारी, सचिन श्रोती, देवांशु शर्मा, जय भानु चंदे, राहुल साहू, इरफान ख़ान, गोलू चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

### ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का सैक्टर स्तरीय ग्रामोत्सव शुभारंभ



**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** मप्र जनअभियान परिषद माखननगर विकासखंड में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का ग्रामोत्सव ग्राम सतवासा में नवांकुर संस्था साथी सामाजिक सेवा समिति ने शुभारंभ किया गया। ग्राम विकास समिति सातवासा के सहयोग से मां नर्मदा में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा कार्यक्रम अंतर्गत युवा संकल्प रैली का भी आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगोष्ठी के आयोजन के बाद युवाओं ने संकल्प लिया कि स्वच्छता को बनाए रखने तथा नशा मुक्त प्रदेश बनाने के लिए लोगों को जान जागरूक करेंगे। विकासखंड समन्वयक नरेंद्र देशमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि विकसित भारत-2047 की संकल्पना के साथ आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए मप्र जन अभियान परिषद द्वारा जिले में शासन के अन्य विभागों के सहयोग से यह अभियान 12 से 26 जनवरी तक पखवाड़े के रूप में ग्राम पंचायत स्तर तक आयोजित किया जा रहा है।

### मैथिली शरण पटेल ब्लॉक अध्यक्ष एवं राजेश दीक्षित बने तहसील अध्यक्ष

## सपाक्स की ब्लॉक एवं तहसील इकाई का हुआ गठन

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** सपाक्स कर्मचारी संगठन की बैठक का रविवार को आयोजन आस्था पब्लिक स्कूल शोभापुर में किया गया। जिसमें जिले से देवनारायण त्रिपाठी जिलाध्यक्ष, एमए खान पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, हरिशंकर वर्मा महामंत्री सपाक्स संघ, अमरीश कुमार दुबे जिला सचिव सपाक्स संघ नर्मदापुरम, डीपी दुबे सोहागपुर, पिपरिया प्रभारी द्वारा सपाक्स संघ की ब्लॉक ओर तहसील की कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें इस अवसर पर तरवर पटेल उमेश ठाकुर महेश रघुवंशी, केके पुरोहित उपस्थित रहे। संरक्षक राजेंद्र मालवीय, सहायक संरक्षक पर्वत सिंह पटेल को बनाया गया। महिला बाल विकास से सोनम पटेल, सपना मालवीय उपस्थित रही। बैठक में जिला अध्यक्ष द्वारा पदोन्नति में आरक्षण का विरोध किया गया एवं शासन से मांग की गई कि सभी कर्मचारियों की शीघ्र



पदोन्नति हो। कार्यक्रम का सफल संचालन जितेंद्र कुमार बैरागी द्वारा किया गया। मैथिलीशरण पटेल एवं राजेश दीक्षित ने बताया कि आज सपाक्स की ब्लॉक एवं तहसील इकाई का गठन किया गया। जिसमें मैथिलीशरण पटेल अध्यक्ष अनुविभाग सोहागपुर, राजेश दीक्षित तहसील अध्यक्ष सोहागपुर, शाम्भवी दीवान अध्यक्ष अनुविभाग सोहागपुर महिला प्रकोष्ठ, ज्योति मंडलोई सचिव अनुविभाग, सारिका देवलिया उपाध्यक्ष अनुविभाग, सपना मालवीय उपाध्यक्ष अनुविभाग, रूपेश साहू ब्लॉक उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार परसाई ब्लॉक उपाध्यक्ष, प्रवीण दुबे ब्लॉक सचिव, मुकेश कुमार मिश्रा तहसील उपाध्यक्ष, भारत साहू तहसील उपाध्यक्ष, संदीप अग्रवाल तहसील सचिव जितेंद्र बेगागी मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए। कार्यक्रम में सचिन व्यास, अलका तिवारी, लक्ष्मी रघुवंशी, रितु मौर्य, हेमलता विश्वकर्मा, नीरज शर्मा, संजय दुबे, मुकेश रघुवंशी, निलेश कुमार साहू, सौरभ पाठक, मनोज व्यास, राजेश पुरोहित, शालिग्राम गुर्जर, अंतराम विश्वकर्मा, हेमेंद्र बरुआ, मनीष फौजदार, जीवनलाल विश्वकर्मा, राजेश साहू, सुप्यार पटेल, मुकेश रघुवंशी, बद्री प्रसाद चढ़ार एवं आस्था पब्लिक स्कूल शोभापुर के प्राचार्य धनराज तिवारी आदि उपस्थित थे।

# आठनेर में हिंदू सम्मेलन बना शक्ति प्रदर्शन

## - पंच सहस्त्र सनातनियों ने धर्म-संस्कृति रक्षा का लिया संकल्प

**अनोखा तीर, बैतूल।**

आठनेर में आयोजित ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलन ने सनातन संस्कृति, संगठन और समरसता का सशक्त संदेश दिया। श्रीराम मंदिर से निकली विशाल कलश शोभायात्रा




और भव्य झांकियों ने नगर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। पंच सहस्त्र से अधिक हिंदुओं ने एक स्वर में धर्म और संस्कृति की रक्षा का संकल्प लिया। स्वास्थ्य शिविर, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और समरसता भोज के साथ सम्मेलन सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर उभरा। पारंपरिक मांगलिक वेशभूषा में वाद्ययंत्रों के वादन के साथ शोभायात्रा में हजारों मातृशक्तियां सिर पर कलश एवं भगवा ध्वज लेकर मांगलिक एवं धार्मिक गीतों का गायन करते हुए विशाल शोभा यात्रा में सम्मिलित हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा आगे आदिवासी लोक नृत्य समूह के साथ ट्रेक्टरो, बग्घी,घोड़ों पर चल रही श्री राम मंदिर अयोध्या, महात्मा ज्योतिबा फुले, समाज सुधारक अन्नाभाऊ साठे, मां कर्मादेवी, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सहित अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। विभिन्न ग्रामों से आई आदिवासी लोक नृत्य की पार्टियों एवं झांकियों ने नगरवासियों का मन मोह लिया। विशाल शोभायात्रा का समापन कार्यक्रम स्थल पुलिस ग्राउंड में हुआ। जहां कार्यक्रम स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था। महापुरुषों के छायाचित्र, सुंदर रंगोलिया एवं भगवा पताकाओं से परिसर को सुसज्जित किया गया था। कार्यक्रम स्थल पर समाज सेवा के उद्देश्य स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों व्यक्तियों ने निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करवा कर दवाई प्राप्त कर स्वास्थ्य लाभ लिया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में भजन मंडलियों एवं विभिन्न विद्यालयों से आई सांस्कृतिक,धार्मिक एवं ऐतिहासिक प्रस्तुतियों एवं आदिवासी नृत्यों से कार्यक्रम में समा बांध दिया।



**बच्चों को बनाएं संस्कारवान** - विधिवत मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के पूजन-अर्चन, दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ किया गया। अतिथि परिचय एवं स्वागत के पश्चात ब्रह्मकुमारी परिवार से पधारी बीके अर्चना दीदी ने परिवार में मां को प्रथम गुरु बताते हुए अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने पर जोर दिया। सामाजिक वक्ता के रूप में मारोतीराव तायड़े ने समरसता पर अपने विचार प्रकट करते हुए संगठित समाज के महत्व को समझाया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नर्मदापुरम के विभाग प्रचारक नरेंद्र यादव ने भारत के गौरवशाली इतिहास एवं अवनति के कारणों को उल्लेखित करते हुए कहा कि कलयुग में संगठन ही शक्ति है। सकल हिंदू समाज को जाति वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर, धर्मानुरूप जीवन निर्वहन करते हुए संगठित समाज का निर्माण कर देश को परम वैभव पर आरूढ़ करने अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए।

**पंच परिवर्तन के महत्व को समझाया**- अपने व्यक्तिगत निजी स्वार्थों को भुलाकर समरस एवं संगठित समाज का निर्माण कर राष्ट्र को मजबूत बनाना है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में पंच परिवर्तन के महत्व को समझाया। मुख्य वक्ता उद्बोधन के पश्चात उपस्थित सकल हिंदू समाज के द्वारा भारत माता की सामूहिक आरती की गई।

# देवास के धावक रिजवान कौसर ने रचा इतिहास

## ● चार राज्यों में प्रो-कैम स्लैम पूरा करने वाले देवास के पहले धावक बने

**अनोखा तीर, देवास।** शहर के उभरते धावक रिजवान कौसर ने चार अलग-अलग राज्यों में आयोजित प्रतिष्ठित मैराथनों को सफलतापूर्वक पूरा कर प्रो-कैम स्लैम हासिल किया है। यह उपलब्धि बेहद कम धावकों को प्राप्त होती है और रिजवान कौसर ऐसा करने वाले देवास के पहले धावक बन गए हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का अंतिम पड़ाव 18 जनवरी को मुंबई की सड़कों पर आयोजित टाटा मुंबई मैराथन रहा, जहां देशभर से हजारों धावकों ने भाग लिया। रिजवान ने 42 किमी. की फुल मैराथन 5 घंटे 9 मिनट 35 सेकंड में पूरी कर अपना प्रो-कैम स्लैम सफलतापूर्वक पूरा किया। रिजवान कौसर ने इस चुनौती की शुरुआत 27 अप्रैल 2025 को बंगलुरु से की थी। वहां उन्होंने टीसीएस वर्ल्ड 10 किमी. मैराथन को 59 मिनट 19 सेकंड में पूरा किया। इसके बाद 12 अक्टूबर 2025 को दिल्ली में आयोजित वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में 21 किमी. की दौड़ 2 घंटे 15 मिनट 11 सेकंड में पूरी की। इसके अगले चरण में 21 दिसंबर 2025 को कोलकाता में आयोजित टाटा स्टील वर्ल्ड 25 किमी. मैराथन में उन्होंने 2 घंटे 34 मिनट 26 सेकंड का समय लेकर शानदार प्रदर्शन किया।




## सार-समाचार

### ग्राम पंचायत नसीराबाद में भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 21 से

**अनोखा तीर, चिचोली।** नगर की सीमा से लगी विकास खंड चिचोली की प्रमुख ग्राम पंचायत नसीराबाद के प्राचीन प्रसिद्ध बजरंग मंदिर परिसर में माघ शुक्ल पक्ष की तृतीया कों बुधवार 21 जनवरी की सुबह कलश यात्रा निकालकर सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ की विधिवत शुरुआत होगी। यहां पर व्यास गादी से गेंहुरास से आयें प्रसिद्ध कथा वाचक श्रद्धेय रोहित महाराज अपने मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक की समयावधि में संगीतमयी भजनों के साथ श्रीमदभागवत महापुराण कथा के गुणानुवादों का रसास्वादन धर्म पंडाल में मौजूद धर्मावलंबियों को कराऐंगें। बताया गया कि समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से हर वर्ष की भांति इस साल भी चौथे वर्ष में यहां गुप्त नवरात्र के शुभ अवसर पर कल बुधवार 21 जनवरी से होने वाले इस धार्मिक आयोजन का समापन मंगलवार 27 जनवरी को अंतिम दिन की कथा श्रवण कराकर भोजन प्रसादी के भंडारे के साथ किया जाएगा।



### श्रीमती गीता बाई तिवारी का निधन

**अनोखा तीर, नेमावर।** रिटायर्ड शिक्षक स्व. श्याम लाल तिवारी की धर्मपत्नी एवं कृष्ण गोपाल तिवारी, नारायण तिवारी, राजेश तिवारी तथा सतीश तिवारी की मां का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतिम यात्रा में नगर के वरिष्ठजनों ने भाग लेकर श्रीमती तिवारी को नम आंखों से अंतिम विदाई दी। शव यात्रा में पूर्व विधायक कैलाश कुंडल, अनिल त्रिवेदी, डॉ. मुकेश यादव, पार्षद कौशल व्यास, सुनील व्यास, आशीष दुबे, सुनील जैन, पूर्व एल्डरमैन संतोष शर्मा सहित नगर के वरिष्ठजनों ने नर्मदा तट पर शोक सभा में अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की।



### प्राइवेट स्कूल संघ ने महाराणा प्रताप प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**अनोखा तीर, खातेगांव।** नगर में सोमवार को भारत के वीर सपूत, महान योद्धा महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस पावन अवसर पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, ब्लॉक खातेगांव के संचालकों द्वारा महाराणा



प्रताप स्मारक, तालाब चौक, खातेगांव पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं पुष्पवर्षा कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सभी ने महाराणा प्रताप जी के त्याग, वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### मंदिर जा रही महिला से बाइक सवार बदमाशों ने झपटी सोने की चेन

**अनोखा तीर, देवास।** पूजा करने मंदिर जा रही एक महिला के गले से बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने सोने की चेन झपट ली। यह घटना बीएनपी थाना क्षेत्र के विश्राम बाग, राधागंज में हुई। जानकारी के अनुसार, विश्राम बाग निवासी उषा नोरंगे अपने घर के पास स्थित मंदिर में पूजा करने जा रही थीं। जैसे ही वह मंदिर के करीब पहुंचीं, पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाया। दोनों युवकों ने तेजी से महिला के गले से चेन खींची और मौके से फरार हो गए। महिला ने शोर मचाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी इतनी तेजी से भागे कि उन्हें पकड़ा नहीं जा सका। घटना के बाद महिला ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि महिला के साथ चेन स्नेचिंग की वारदात हुई है। पुलिस फुटेज तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## - सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और एसडीओ फॉरेस्ट को कलेक्टर ने किया निर्देशित

# 21 तक वन अधिकार दावों के सभी आवेदनों का निराकरण कराएं : कलेक्टर

**अनोखा तीर, बैतूल।**

वन अधिकार अधिनियम के तहत वन ग्रामों के दावों की प्रगति की सोमवार को कलेक्ट्रेट में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और एसडीओ फॉरेस्ट द्वारा समन्वय से वन अधिकार दावों में पंचनामा, ठहराव प्रस्ताव इत्यादि के माध्यम से प्रोफाइल अपडेट की कार्यवाही प्राथमिकता से किया जाए।

उन्होंने निर्देशित किया वन अधिकार दावों के लंबित और नवीन सभी आवेदनों का ग्राम सभा के माध्यम से अनुमोदन कर प्रस्ताव पारित कराएं। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने वन अधिकार के निरस्त दावों की भी समीक्षा कर नक्शा, जाति प्रमाण पत्र इत्यादि प्रमाण पत्रों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही कर समाधान किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरस्त दावों का भी पुनः परीक्षण गंभीरतापूर्वक किया जाएं। लापरवाही पर संबंधित एसडीएम, एसडीओ फॉरेस्ट और जनपद सीईओ के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तन की भी समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करने की हिदायत दी। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि आपसी समन्वय से 21 जनवरी तक वन अधिकार दावों का निराकरण कराएं। साथ ही तैयार वन अधिकार पट्टों का वितरण भी कराए।



उन्होंने बैठक में भारतीय वन अधिनियम की धारा 5 से 19 की कार्यवाही की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, वन मंडल अधिकारी नवीन गर्ग, वन मंडल अधिकारी अरिहंत कोचर, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विवेक पांडे सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और एसडीओ फॉरेस्ट उपस्थित रहे।

## महाराणा प्रताप बस्ती में भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित

# कालूखेड़ी में शंखनाद व दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**अनोखा तीर, देवास।** महाराणा प्रताप बस्ती में कालूखेड़ी स्थित कार्यक्रम स्थल पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन श्रद्धा, अनुशासन एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शंखनाद एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जिससे पूरा परिसर आध्यात्मिक एवं राष्ट्रभाव से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम संयोजक रमेश कौशल ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक अनिल अयाचित ने मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने समाज में संस्कार, संगठन और राष्ट्रसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। द्वितीय वक्ता शिक्षक पं. अश्विन रहे, जिन्होंने भारतीय संस्कृति, शिक्षा एवं मूल्यों पर अपने विचार रखे। वहीं मातृशक्ति की ओर से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कु. रितिका उपाध्याय ने नारी शक्ति की भूमिका और युवा पीढ़ी की जिम्मेदारियों पर प्रभावशाली संबोधन दिया। कार्यक्रम के दौरान नाट्य मंच पर लाइकेंस स्कूल के बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। इसके साथ ही शिशु मंदिर के बच्चों ने गणेश वंदना एवं हनुमान चालीसा की सुंदर प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अतिथियों एवं वक्ताओं के स्वागत में नरेन्द्र डिंडोड़े, इंदर सिंह गौड़, प्रदीप डोंगलिया, खुशबू विश्वकर्मा देवास क्वीन, श्वेता माली लाइकेंस स्कूल सहित आयोजन समिति के सदस्यों शुभम भमोत्रिया, आशीष गौड़, सतीश गौड़, शुभम एवं फूलसिंह भमोत्रिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मेलन के दौरान रोहित माली, प्रकाश घुरवाल एवं दिनेश घुरवाल ने अतिथियों का भगवा गमछा ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही।




# वन ग्राम लादी में पदस्थ वन रक्षक के खिलाफ रिश्वत का आरोप

## -ग्रामीणों ने कलेक्टर-डीएफओ से की शिकायत

**अनोखा तीर, बैतूल।** जिले के आमला ब्लॉक अंतर्गत वन ग्राम लादी में पदस्थ वन रक्षक विनिता गुलबाके पर गरीब ग्रामीणों से वन ग्राम को राजस्व ग्राम में परिवर्तन कराने के नाम पर अवैध वसूली और भूमि में फेरबदल के गंभीर आरोप लगे हैं।

इस मामले में ग्रामीणों ने कलेक्टर बैतूल और वन विभाग के डीएफओ को आवेदन देकर शपथ पत्र और भुगतान के साक्ष्य भी सौंपे हैं। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि लगभग 10 से 15 दिन पूर्व वन रक्षक ने प्रति ग्रामीण 50 हजार रुपए की मांग की थी। निलेश यादव पिता कैलाश यादव ने 11 दिसंबर 2025 को फोनपे के माध्यम से विनिता गुलबाके के पति वासुदेव सिंह गुर्जर के नाम 5 हजार रुपए भेजे और 15 हजार रुपए नगद दिए। इसी तरह बलराम यादव पिता रामचन्द्र यादव ने भी 20 हजार रुपए नगद दिए, जिसकी कोई रसीद नहीं दी गई।



### पट्टा नहीं बना, पैसे मांगने पर धमकी

शिकायत में कहा गया कि राशि देने के बावजूद अब तक पट्टा नहीं बना। पैसे वापस मांगने पर विनिता गुलबाके और उनके पति वासुदेव द्वारा गोली मारने, पट्टा निरस्त कराने और झूठे आरोप लगाने की धमकी दी गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रूमलाल धुर्वे पिता चत्तु धुर्वे, जयचंद बेठे पिता रंगलाल, किस्बू यादव सहित अन्य ग्रामीणों की भूमि में जबरन फेरबदल किया गया, विरोध करने पर उन्हें भी धमकाया

### शिकायत वापस लेने का बनाया दबाव

दूसरे आवेदन में नरेश यादव और शंकर चांगरी ने बताया कि 17 दिसंबर 2025 को कलेक्टर कार्यालय बैतूल और 17 जनवरी 2026 को एसडीएम आमला को शिकायत देने के बाद 18 जनवरी को विनिता गुलबाके ने गांव पहुंचकर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। ग्रामीणों का आरोप है कि छेड़छाड़, दुराचार, एट्रोसिटी केस में फंसाने और जान से मरवाने की धमकी दी गई। ग्रामीणों ने डीएफओ दक्षिण बैतूल से वन रक्षक विनिता गुलबाके, चौकीदार ईश्वर यादव और वासुदेव सिंह गुर्जर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# नियम विरुद्ध चल रही स्लीपर बसों पर चालानी कार्यवाही, 18 बसों से निकलवाए पार्टीशन गेट

## - परिवहन विभाग ने 12 बसों पर 51 हजार की चालानी कार्यवाही

**अनोखा तीर, देवास।** जिले में परिवहन विभाग द्वारा कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान के निर्देशन में जांच दल प्रभारी श्रीमती मीनाक्षी गोखले के नेतृत्व में रविवार अलसुबह 04 बजे से स्लीपर बसों में सुरक्षा मानकों की जांच की गई, इस विशेष जांच अभियान में स्लीपर बसों में शासन द्वारा तय सुरक्षा मानकों को जांचा गया। जांच कार्यवाही में बस चालक तथा यात्रियों के मध्य नियम विरुद्ध लगाए जाने वाले गेट को तत्काल मौके पर हटवाया गया, जांच में 18 बसों से गेट को हटवाया गया, साथ ही आपातकालीन दरवाजों तथा खिड़की पर लगी सीटों को भी मौके पर ही हटवाया गया। आगजनी की घटनाओं के मद्देनजर अग्निशमन की जांच की गई, जांच टीम द्वारा सभी बस चालकों को 5-5 किलो के दो या 10 किलो का एक अग्निशमन बसों में लगवाने के लिए कहा गया। जिन बसों में आग बुझाने का यंत्र नहीं पाया गया, उन बसों पर सख्ती से चालानी कार्यवाही की गई, कुल 62 बसों की जांच की गई, जिसमें 12 बसों में कमी पाए जाने पर 51 हजार रुपए की चालानी कार्यवाही की गई। कमी पाई गई बसों को नोटिस जारी कर पूर्ति करने हेतु हिदायत दी जा रही है। आरटीओ अधिकारी श्रीमती निशा चौहान ने बताया कि देवास जिले के सभी मार्गों पर चलने वाली स्लीपर बसों पर सुरक्षा मानकों की जांच का जा रही है, कमी पाए जाने वाली बसों पर नोटिस जारी कर पूर्ति करवाया जा रहा है तथा दस्तावेजों की जांच की जा रही है, यह चालानी एवं जांच की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## नवदिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ एवं देवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

# नगर में निकली भव्य कलश एवं रथ यात्रा

**अनोखा तीर, सतवास।** नगर में सोमवार को नवदिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ एवं देवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत भव्य कलश एवं रथ यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा सोमवार सुबह 11 बजे तालाब वाले हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई आयोजन स्थल सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति, किले के अंदर दुर्गा चौक पहुंची। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर सहभागिता की, वहीं पुरुष श्रद्धालु भी भक्ति भाव से यात्रा में शामिल रहे। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे और रथ पर विराजित देवी प्रतिमा के दर्शन के लिए नगरवासियों में विशेष उत्साह देखा गया। पूरे मार्ग को धार्मिक ध्वजों एवं आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया था। कलश एवं रथ यात्रा के साथ ही नगर का वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। यात्रा के समापन के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ एवं देवी प्राण प्रतिष्ठा से संबंधित धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ किया गया। यह नवदिवसीय धार्मिक आयोजन 19 से 27 जनवरी 2026 तक चलेगा, जिसमें विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



## कलेक्टर ने सीएमएचओ कार्यालय का किया निरीक्षण

# समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**अनोखा तीर, बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की स्थापना शाखा का अवलोकन किया और वहां संचालित कार्यप्रणाली की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी शासकीय सेवक अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यों में अनावश्यक विलंब से आम नागरिकों और हितग्राहियों को परेशानी होती है, इसलिए समयबद्धता और पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए विभागीय समन्वय और कार्य की नियमित समीक्षा की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने रिकॉर्ड संधारण, फाइलों के समय पर निराकरण तथा कर्मचारियों की उपस्थिति पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। प्रधान संपादक सुरेश लोहाना / संपादक प्रहलाद शर्मा / प्रबंध संपादक महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।

# यह दिग्विजय की नेतृत्व पर दबाव की रणनीति तो नहीं....!



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह कोई बयान दें और उसे सीधा-सपाट मान लिया जाए, यह कैसे संभव है? इसीलिए जब उन्होंने कहा कि इस बार वे राज्यसभा की सीट छोड़ रहे हैं, तो इसके भी मायने निकाले जाने लगे। माना जा रहा है कि दिग्विजय ने इस बयान के जरिए एक तीर से कई निशाने साध दिए हैं। पहला यही कि उन्हें संकेत मिल गया है कि कांग्रेस आलाकमान इस बार उन्हें राज्यसभा नहीं भेजेगा, तो उन्होंने पहले ये ही घोषणा कर दी कि वे राज्यसभा नहीं जाएंगे। इसे खुद को पीड़ित दिखा कर दिग्विजय की केंद्रीय नेतृत्व पर दबाव की रणनीति के तौर पर भी देखा जा रहा है। दिग्विजय ने लोकसभा चुनाव न लड़ने की घोषणा कर रखी थी लेकिन नेतृत्व के निर्देश पर उन्होंने लगातार दो बार चुनाव लड़ना पड़ा। इस लिहाज से उनकी घोषणा के कोई मायने नहीं हैं। वैसे भी अप्रैल में उनका कार्यकाल पूरा हो रहा है। वे सीट छोड़ नहीं रहे हैं। इसलिए अभी से इस बयान का क्या औचित्य? राज्यसभा छोड़ने का बयान देने के साथ उन्होंने यह भी कह दिया कि प्रदेश में अजा वर्ग का मुख्यमंत्री बनता है तो उन्हें खुशी होगी। लगे हाथ कांग्रेस अजा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने मांग कर डाली कि राज्यसभा के लिए दलित वर्ग के किसी नेता को मौका दिया जाए। इस तरह उन्होंने दलित वर्ग का मुद्दा उठा कर जीतू पटवारी की दावेदारी को पीछे धकेल दिया।

## राज-काज



– दिनेश निगम 'त्यागी'

# भाजपा के राज्यसभा दावेदारों में कांग्रेस से आए नेता भी....

-कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के राज्यसभा का अगला चुनाव न लड़ने की घोषणा से सिर्फ कांग्रेस ही नहीं, बल्कि भाजपा में भी टिकट हासिल करने के लिए जोड़तोड़ शुरू हो गई है। राज्यसभा के पिछले चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस से आए ज्योतिरादित्य सिंधिया को उम्मीदवार बनाया था, इस बार भी कांग्रेस से आए दो नेता भाजपा से प्रमुख दावेदार हैं। एक हैं सुरेश पचौरी और दूसरे रामनिवास रावत। पचौरी पिछले दिनों भाजपा नेतृत्व से कई मुलाकातें कर चुके हैं। हाल ही में उन्होंने भाजपा के नए कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से भी सौजन्य भेंट की थी। इन मुलाकातों को राज्यसभा के लिए लाबिंग से जोड़ कर देखा जा रहा है। रावत लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे। प्रदेश सरकार में उन्हें मंत्री भी बनाया गया था लेकिन विधानसभा का उप चुनाव हारने के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। लिहाजा, भाजपा नेतृत्व कांग्रेस से आए किसी नेता को अवसर देता है या नहीं, समय बताएगा। भाजपा के अन्य दावेदारों में नरोत्तम मिश्रा, लाल सिंह आर्य, अरविंद भदौरिया, विनोट गोटिया के नाम शामिल हैं। नरोत्तम केंद्रीय मंत्री अमित शाह की पसंद हैं और विधानसभा चुनाव हारने के बाद से खाली हैं। वे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के भी दावेदार थे लेकिन अवसर नहीं मिला। अब राज्यसभा के लिए जोर आजमाईश कर रहे हैं।

### अबकी बार 'फूल' ने बो दिए कांग्रेस की राह में 'कांटे'....

कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक से पहले जो काम वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने किया था, वही कारनामा पार्टी विधायक फूल सिंह बरैया ने राहुल गांधी के इंदौर दौरे से पहले कर दिया। दिग्विजय ने आरएसएस की तारीफ करते हुए उनसे सीखने की बात कही थी और फूल सिंह ने अजा-जजा वर्ग की लड़कियों के साथ रेप की घटनाओं को तीर्थ पुण्य से जोड़ कर नई थ्योरी दे दी। तब दिग्विजय का बयान चर्चा में रहा था और वर्किंग कमेटी बैठक के निर्णय पीछे छूट गए थे। इसी तरह बरैया के बयान के सामने राहुल का इंदौर दौरा फीका पड़ गया। फूल सिंह ने अपने बयान से कांग्रेस की राह में जो कांटे बिछाए हैं, पार्टी उससे उबरती नहीं दिख रही। बरैया का यह बयान भी कांग्रेस के लिए सेल्फ गोल माना जा रहा है। बरैया ने अपने विवादित बयान में कहा कि अजा-जजा वर्ग की लड़कियां सुंदर नहीं होतीं फिर भी उनके साथ रेप होता है। उन्होंने कहा कि ग्रंथों में लिखा है कि यदि इस वर्ग की महिलाओं के साथ कोई सहवास करता है, तो उसे तीर्थ के बराबर पुण्य मिलता है। इसी सोच के कारण चार महीने और 10 महीने की बच्चियों तक के साथ रेप हो रहे हैं। बयान से कांग्रेस इस कदर घिरी है कि जवाब नहीं सूझ रहा। एक तरफ भाजपा हमलावर है और दूसरी तरफ जीतू पटवारी ने कहा है कि इसके लिए बरैया को नोटिस जारी किया गया है।

### क्या सच में खत्म होगा भाजपा नेताओं का इंतजार....?

प्रदेश में भाजपा की मोहन सरकार के दो साल से ज्यादा का समय पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक निगम-मंडलों, आयोगों आदि में राजनीतिक नियुक्तियां नहीं की जा सकीं। इससे पहले शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में भी यही होता था, विधानसभा चुनाव से एक-दो साल पहले ही राजनीतिक नियुक्तियां होती थीं। प्रदेश भाजपा का मुखिया बनने के कुछ समय बाद हेमंत खंडेलवाल ने कहा था कि निगम-मंडलों में राजनीतिक नियुक्तियां जल्दी की जाएंगी, बावजूद इसके कोई नतीजा नहीं निकला। एक बार फिर उनके बयान से ही नियुक्तियों के इंतजार में बैठे भाजपा नेताओं की उम्मीद जागी है। रतलाम में उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि निगम-मंडलों, आयोगों के साथ निकायों में एल्डरमैनों की जल्दी नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि सूची तैयार है, जल्दी जारी की जाएगी। इस बयान के बाद मीडिया में एक बार फिर वे नाम सुर्खियों में आ गए हैं, जिनके नियुक्ति पाने की संभावना है। हालांकि अब भी सवाल उठाया जा रहा है कि क्या सच में नियुक्ति की उम्मीद में बैठे नेताओं का इंतजार खत्म होगा? प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियां ही लंबित नहीं हैं, प्रदेश मंत्रिमंडल में फेरदबल की चर्चा भी लंबे समय से है। छत्तीसगढ़, गुजरात और राजस्थान में यह हुआ तो मप्र को लेकर भी चर्चा चल पड़ी लेकिन इस मसले पर भी कुछ नहीं हुआ।



### कफ सिरप, दूषित पानी की तरह गोमांस पर किरकिरी....

प्रदेश में पहले कफ सिरप का कहर, फिर इंदौर में दूषित पानी से तबाही और अब राजधानी भोपाल में 26 टन गोमांस मिलने से प्रदेश सरकार कटघरे में है। दूषित पानी से मौतों की गूंज भोपाल से लेकर दिल्ली तक है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। सवाल यह है कि जब मप्र में गोहत्या पर प्रतिबंध है तो प्रदेश में गोमांस की तस्करी कैसे हो रही है? कफ सिरप मामले में किसी मंत्री ने जवाबदारी नहीं ली थी। दूषित पानी से मौतों के मामले में भी कोई आगे नहीं आया और अब गोमांस मामले में किसी की जिम्मेदारी तय नहीं हो पा रही। पीएचक्यू के सामने एक ट्रक से मिला 26 टन गोमांस भोपाल नगर निगम के जिंसी स्थित आधुनिक स्लॉटर हाउस से जुड़ा बताया जा रहा है। स्लॉटर हाउस को मात्र 4 लाख रुपए सालाना किराए पर लाइवस्टॉक फूड प्रोसेसर प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया था। इस मामले में 9 कर्मचारियों को निलंबित किया गया, स्लाटर हाउस को सील कर कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया गया। जांच के आदेश हुए लेकिन अन्य मामलों की तरह महापौर सहित किसी जन प्रतिनिधि ने इसकी जवाबदारी नहीं ली। इस मसले पर खुलासा हुआ है कि पूर्व महापौर आलोक शर्मा और कृष्णा गौर स्लॉटर हाउस खुलने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने इस पर रोक भी लगाई थी, लेकिन वर्तमान महापौर मालती राय की रुचि के कारण स्लॉटर हाउस प्रारंभ हुआ था।



## सार-समाचार

### ग्राम पंचायत सचिव की आकस्मिक मृत्यु

- जिपं सीईओ ने प्रदाय की डेढ़ लाख की अनुग्रह सहायता राशि



**अनोखा तीर, हरदा।** ग्राम पंचायत पलासनेर के सचिव ओमप्रकाश गुर्जर की सेवा के दौरान हृदयाघात से आकस्मिक मृत्यु हो गई। उनके निधन की सूचना मिलने पर आज जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजली जोसफ एवं जनपद सीईओ विश्वजीत पाटीदार उनके निज निवास ग्राम झुंडगांव में उपस्थित होकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। इस अवसर पर शासन के निर्देशानुसार मृतक के परिवार को डेढ़ लाख रुपये की अनुग्रह सहायता प्रदान की गई। श्रीमती अंजली जोसफ ने सचिव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि ग्रामीण विकास परिवार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध जल्द कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए और परिवार को हर संभव आर्थिक मदद दिलाने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

### रंजीता धुर्वे का सीनियर कबड्डी नेशनल टीम में चयन

**अनोखा तीर, टिमरनी।** मध्य प्रदेश सीनियर महिला कबड्डी टीम के चयन में टिमरनी की खिलाड़ी रंजीता धुर्वे का राष्ट्रीय टीम के लिए चयन हुआ है। कबड्डी कोच अंकित जोशी ने बताया कि सीनियर महिला राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 27 जनवरी से 30 जनवरी तक हैदराबाद में किया जाएगा, जिसके लिए मध्य प्रदेश टीम का चयन पूर्ण हो चुका है। मध्य प्रदेश



टीम में कुल 14 बालिकाएं राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी, जिनमें टिमरनी से रंजीता धुर्वे को टीम में शामिल किया गया है। रंजीता धुर्वे इससे पूर्व भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर चुकी हैं। इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश कबड्डी फेडरेशन के अध्यक्ष दीपक जोशी पिंटू, संरक्षक मोहन चौहान, सचिव जेसी शर्मा, मंगल सिंह यादव, रामजीवन गोदारा, जगदीश शर्मा, अरुण वर्मा, संजय शाह, देवेंद्र भारद्वाज, सचिन दुबे, किशोर डूडी, कैलाश डूडी, सुनील दुबे, अतुल बारंगे, राजेश खेरवा, आलोक जैन, मुरली पाटिल, विनोद अग्रवाल, राजा भुस्कुटे, दीपक भाटी, गौरव शुक्ला, राजकुमार चंदेल, विजय सावनेर, सुरेश बघेल, धन्ना लाल जाट, राजेश बिश्नोई, अनिल बिश्नोई, सखाराम यादव सहित सभी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने रंजीता को बधाई दी।

# पलासनेर सचिव की मौत पर सचिव-सहायक सचिव लामबंद

### न्यायिक जांच और हत्या का केस दर्ज करने की मांग

**अनोखा तीर, हरदा।**



मध्य प्रदेश पंचायत सचिव-सहायक सचिव संयुक्त मोर्चा ने सोमवार को अपनी मांगों को लेकर हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को एक ज्ञापन सौंपा। संगठन ने जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ प्रवीण कुमार इवने के खिलाफ न्यायिक जांच और हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। संगठन अध्यक्ष भगत लेगा ने बताया कि उनके साथी ग्राम पंचायत सचिव ओमप्रकाश गुर्जर की मौत जांच समिति की प्रताड़ना के कारण हुई है। सचिव संघ का आरोप है कि अतिरिक्त सीईओ प्रवीण इवने ने आर्थिक और मानसिक दबाव बनाया था, जिसके चलते यह घटना हुई। ज्ञापन में ग्राम पंचायत पलासनेर के शिकायतकर्ताओं और कथित पत्रकारों पर भी मानसिक दबाव बनाने का आरोप लगाया गया है। संघ ने इन शिकायतकर्ताओं के खिलाफ भी उचित कार्रवाई और हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग की। सचिव संघ ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने का हरदा जिले से अन्यत्र स्थानांतरण करने की भी मांग की है। संगठन ने जिले में सक्रिय फर्जी पत्रकारों और आरटीआई कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम पंचायतों से अवैध वसूली का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूट्यूबर और वॉट्सऐप ग्रुप वाले कथित पत्रकार पंचायतों के कार्यों को प्रभावित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, सीएम हेल्पलाइन और ग्रेडिंग के अनावश्यक दबाव को समाप्त करने की भी मांग की गई है। भगत लेगा ने बताया कि सचिव संघ तीन दिन के सामूहिक अवकाश पर रहेगा, जिसे कलमबंद हड़ताल कहा गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तीन दिनों के भीतर विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, तो समस्त कर्मचारी अनिश्चितकालीन कलमबंद काम बंद कर देंगे और पंचायती के सभी कार्य रोक दिए जाएंगे। इधर, पत्रकारों ने भी सोमवार को एसपी ओर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। पत्रकारों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि ग्राम पंचायत पलासनेर की सरपंच झूठे आरोप लगा रही हैं, जो भी शिकायत की गई है उस पर निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। ताकि वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सके।

# हल्दी-कुमकुम आस्था, सौहार्द और संस्कारों का अनुपम उत्सव

**अनोखा तीर, हरदा।**

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर कान्यकुब्ज धर्मशाला में कान्यकुब्ज महिला संगठन द्वारा श्रद्धा और उल्लास से परिपूर्ण हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भजन-कीर्तन और सामूहिक प्रार्थना से हुई, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। संगठन की अध्यक्ष शिखा दुबे ने बताया कि यह आयोजन महिलाओं के बीच आपसी प्रेम, सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों



को सुदृढ़ करने का माध्यम है। भक्ति भाव के साथ महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए समाज में सौहार्द और सद्भाव का सुंदर संदेश दिया। इसके पश्चात हल्दी-कुमकुम एवं सुहाग सामग्री का वितरण कर पारंपरिक मान्यताओं को जीवंत रखा गया। इस अवसर पर जिला सचिव आभा तिवारी ने कहा कि मकर संक्रांति सूर्य देव के उत्तरायण होने का शुभ संदेश लेकर आती है, जो जीवन में नई ऊर्जा, समृद्धि और मंगलकामनाओं का संचार करती है। हल्दी-कुमकुम की परंपरा प्रेम, सौभाग्य और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जो घर-घर खुशियों की सौगात पहुंचाती है। तिल-गुड़ की मिठास के साथ यह पर्व हमारी संस्कृति, संस्कार और सामूहिकता की भावना को और प्रगाढ़ करता है। कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त किया, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक गौरव का प्रेरणादायी संदेश भी दिया। इस अवसर पर समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# दो पक्षों में मारपीट, दोनों ओर से प्रकरण दर्ज

**अनोखा तीर, रहटगांव।** रहटगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले टेमागांव में रविवार शाम मामूली बात को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। घटना के बाद मामला थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, टेमागांव-कपासी रोड पर फरियादी राजेश पिता रामविलास भुसारे, उम्र 42 वर्ष, निवासी कपासी ने शिकायत दर्ज कराई कि वह खेत में पानी देने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान दो-तीन बार कुछ लोग मोटरसाइकिल से वहां से निकले। इस पर पूछताछ करने पर विवाद बढ़ गया और योगेंद्र मौर्य, सहित अन्य आठ लोगों ने उनके साथ मारपीट की। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग थाने पहुंचे। पुलिस ने इस शिकायत पर धारा 296(बी), 351(3), 190, 192(2), 115(2) एवं एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। वहीं दूसरी ओर फरियादी राजेश पिता मांगीलाल विश्वकर्मा, उम्र 38 वर्ष, निवासी वघवाड़ ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके साथ आरोपी राजेश भुसारे एवं तीन अन्य लोगों ने मारपीट की। इस पर पुलिस ने धारा 296(बी), 351(3), 115(2), (3), (5) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस द्वारा दोनों मामलों की जांच की जा रही है।

### खेड़ीपुरा में संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ

# कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**अनोखा तीर, हरदा।**

नगर के खेडापति मंदिर के पास मुख्य मार्ग पर सोमवार सुबह संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ दिव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा के साथ हुआ। प्रातः 9 बजे प्रारंभ हुई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, बालिकाओं और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कथा के मुख्य यजमान माखनलाल घागरे एवं भगत चंदेवा ने श्रीमद् रामायण को सिर पर धारण कर मंगल वातावरण में यात्रा का नेतृत्व किया। ढोल-नगाड़ों, डीजे, भजन-कीर्तन और मंगल ध्वनियों के बीच शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुँची। 'जय श्रीराम' के उद्घोषों से पूरा मार्ग भक्तिमय हो उठा।

**कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़** – कथा स्थल पर सैकड़ों श्रद्धालु एकत्रित हुए। कथा व्यास पं. विद्याधर उपाध्याय ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, धर्म और चरित्र की महत्ता पर आधारित संगीतमय कथा का वाचन प्रारंभ किया। उन्होंने हरि अनंत हरि कथा अनंता चौपाई के माध्यम से बताया कि भगवान की कथाएँ अनंत हैं और जो सत्संग व ईश्वर से प्रेम करता है, वही कथा सुनने का अधिकारी है। पंडित जी ने प्रवचन में गुरु के महत्व, ईश्वर-प्रेम, जीवन में धर्म के पालन, भोग और धन की तीन गतियों, तथा काम, क्रोध, लोभ जैसे आंतरिक शत्रुओं से बचने की सीख दी। कथा के दौरान संत, गुरु, ब्राह्मण, माता कौशल्या, राजा दशरथ, भरत, जनक, लक्ष्मण और हनुमान जी की वंदना का भावपूर्ण वर्णन किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि अगुण सगुण दोनों एक ही ब्रह्म के स्वरूप हैं और रामचरितमानस का प्रारंभ संवत 1631, चैत्र सुदी नवमी, मंगलवार से माना जाता है।






कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक आयोजित की जा रही है। आज प्रथम दिवस पर प्रस्तुत किए गए प्रसंगों और बीच-बीच में गाए गए भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पूरा परिसर भक्तिरस से सराबोर रहा। कथा की पूर्णाहुति 25 जनवरी को हवन, पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण के साथ होगी। कथा व्यास पंडित उपाध्याय ने बताया कि आज के प्रसंग में भगवान शिव के चरित्र का वर्णन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के उपस्थित होने की संभावना है। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संगीतमय श्रीराम कथा का लाभ लेने की अपील की है।